आज का विचार

यह सोचकर कभी नहीं डरना कि आप अकेले हो। बल्कि यह सोचकर डटे रहना कि आप अकेले काफी हो।

दैनिक
# सिटी दर्पण
आईना सच का





सिटी दर्पण-राष्ट्रीय दैनिक हिंदी समाचार पत्र की अधिकारिक वेबसाइट पर जाने के लिए स्कैन करें।

चंडीगढ़। शनिवार, 4 मई, 2024 वर्ष 22, अंक 107, मूल्य: 3 रुपए RNI Regn No.: CHAHIN/2003/09265 Established 2003 www.citydarpan.com

# देश को हिंदू और मुसलमान में बांटने की राजनीति कर रही है कांग्रेस : राजनाथ सिंह

## मोदी जी के नेतृत्व में अगले 10 सालों में देश से गरीबी पूरी तरह से खत्म हो जाएगी : राजनाथ सिंह

**सिटी दर्पण**
रोहतक

केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने हरियाणा के रोहतक से कांग्रेस पर तीखा हमला किया है। भाजपा प्रत्याशी डा. अरविंद शर्मा की नामांकन जनसभा में बोलते हुए रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि देश को हिंदू- मुस्लमान में बांटना चाहती है।उन्होंने हमला तीखा करते हुए यह भी कहा कि कांग्रेस देश को कंगाल करने पर तुली हुई है और जनता की कमाई पर डाका डालना चाहती है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ऐसा कानून लाना चाहती है कि व्यक्ति की मृत्यु के बाद उसकी संपत्ति का 55 प्रतिशत हिस्सा सरकार के पास चला जाए और 45 प्रतिशत परिवार के पास रहे। कांग्रेस को यह आइडिया कांग्रेस के ही एक नेता सैम पित्रोदा ने दिया है,जो खुद इंडियन कांग्रेस के नाम से संगठन चलाते हैं। श्री सिंह ने कहा कि कांग्रेस की सारी कोशिशें बेकार हो जाएगी, क्योंकि देश की जनता को दुनिया की कोई ताकत बहका नहीं सकती।

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि कांग्रेस हिंदू और मुसलमान में देश को बांटकर राजनीति करना चाहती है और इसलिए उसने धर्म के आधार पर आरक्षण की बात कही है। जबकि भारत के संविधान में धर्म के आधार पर आरक्षण नहीं दिया जा सकता है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस झूठ की राजनीति कर रही है, लेकिन भाजपा विकास और इंसाफ की राजनीति को प्राथमिकता देती रही है और आगे भी देती रहेगी। उन्होंने कहा कि कांग्रेस किस प्रकार की राजनीति करती है इसका उदाहरण इस बात से लिया जा सकता है कि पाकिस्तान के एक पूर्व मंत्री ने पुलवामा में आतंकवादी हमले



के बाद कहा था कि यह आतंकवादी हमला पाकिस्तान ने करवाया था और पाकिस्तान के मंत्री कांग्रेस के राहुल गांधी की खुलकर तारीफ करते हैं।

राजनाथ सिंह ने कहा कि कांग्रेस को यह बताना चाहिए कि पाकिस्तान से उनका कैसा रिश्ता है। राजनाथ सिंह ने कहा कि हमने पुलवामा हमले के बाद पाकिस्तान की सीमा में घुसकर आतंकवादियों को मारने का काम किया और यह संदेश देने का काम किया कि अगर हमारे ऊपर कोई हमला करेगा तो वह सीमा के इस पार भी मरेगा और सीमा के उस पार भी मरेगा।

ठाकुर राजनाथ सिंह ने कहा कि चुनाव का समय चल रहा है और यह चुनाव शांतिपूर्ण तरीके से निपट जाएगा और इसके साथ ही कांग्रेस भी निपट जाएगी। सूरत में भाजपा उम्मीदवार के निर्विरोध चुने जाने पर कांग्रेस द्वारा इसे लोकतंत्र की हत्या कहे जाने का जवाब भी देते हुए राजनाथ सिंह ने कहा कि देश में आजादी के बाद से अब तक 30 कांग्रेस उम्मीदवार लोकसभा के लिए निर्विरोध निर्वाचित हुए हैं। भाजपा के उम्मीदवार पहली बार निर्विरोध चुने गए हैं। उन्होंने कांग्रेस पर सवाल दागा कि क्या जब कांग्रेस के उम्मीदवार निर्विरोध चुने गए तब लोकतंत्र की हत्या नहीं हुई थी?

राजनाथ सिंह ने कहा कि राहुल गांधी अमेठी से चुनाव लड़ते रहे हैं और हारने के बाद पिछला चुनाव उन्होंने केरल में वायनाड से लड़ा था। अब केरल भी उनके लिए सुरक्षित नहीं है और अमेठी से वह चुनाव लड़ना नहीं चाहते। राजनाथ सिंह ने कहा कि राहुल का नाम रणछोड़ भी हो सकता है और रणछोड़ को देसी भाषा में और क्या कहा जाता है, वह यहां उसे नहीं कहना चाहते। उन्होंने कहा कि चुनाव लड़ने के लिए 56 इंच का सीना चाहिए। उन्होंने कहा कि हमने कांग्रेस की तरह आंखों में धूल झोंककर राजनीति नहीं की, बल्कि आंखों में आंखें डालकर राजनीति की है।

### मोदी जी के नेतृत्व में भारत दुनिया की पांचवी बड़ी अर्थव्यवस्था वाला देश बना

राजनाथ सिंह ने कहा कि नरेंद्र मोदी से पहले की सरकारों में थोड़ा बहुत काम हुआ था, लेकिन नरेंद्र मोदी ने काम को तेजी प्रदान की। अंतरराष्ट्रीय मंचों पर पहले भारत की बात को गंभीरता से नहीं लिया जाता था, लेकिन आज जब भारत बोलता है तो दुनिया के लोग कान लगाकर ध्यान से सुनते हैं। उन्होंने कहा कि जब अटल बिहारी वाजपेई की सरकार थी, तब भारत धन दौलत के मामले में दुनिया में 11वें स्थान पर था और जब नरेंद्र मोदी ने सरकार संभाली उस समय भी भारत 11वें स्थान पर था, लेकिन भ्रष्टाचार को रोककर भारत को दुनिया की पांचवी बड़ी अर्थव्यवस्था वाला देश बनाया है। अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर किस प्रकार से भारत की बात को सुना और माना जाता है इसका उदाहरण देते हुए देश के रक्षा मंत्री ने कहा कि जब रूस और यूक्रेन के बीच युद्ध हुआ तो देश के 22 हजार 500 बच्चे यूक्रेन में फंस गए थे, तब भारत के प्रधानमंत्री ने रूस और यूक्रेन दोनों के राष्ट्रीय अध्यक्षों से बात की। करीब 5 घंटे के लिए युद्ध रुका और भारत के सभी 22 हजार 500 बच्चे सुरक्षित देश में लौट आए। देश के रक्षा मंत्री ने कहा कि महात्मा गांधी की इच्छा थी कि देश से गरीबी समाप्त हो। कांग्रेस गरीबी समाप्त करने का नारा तो देती रही, लेकिन उसने गरीबी समाप्त करने के लिए कोई कदम नहीं उठाया। आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की नीतियों के कारण नीति आयोग और अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष ने माना है कि देश में 25 करोड़ लोग गरीबी की रेखा से ऊपर आए हैं। रक्षा मंत्री ने कहा कि अगले 10 सालों में देश में गरीबी पूरी तरह से खत्म हो जाएगी और भारत विश्व की महाशक्ति बनेगा। उन्होंने लोगों से कहा कि बापू की दो इच्छाएं थी। पहली इच्छा कांग्रेस खत्म हो और दूसरी गरीबी खत्म हो। गरीबी को मोदी सरकार खत्म कर देगी और अब 2024 के लोकसभा चुनाव में कांग्रेस को जनता खत्म कर देगी।

# पीए मोदी ने किया दावा- कांग्रेस अब तक की सबसे कम सीटों पर सिमटेगी

## रायबरेली से उम्मीदवारी पर राहुल पर कसा तंज

**एजेंसी**
बर्द्धमान/कृष्णानगर

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को दावा किया कि लोकसभा चुनाव में कांग्रेस अब तक की सबसे कम सीटों पर सिमट जाएगी और देश की सबसे पुरानी पार्टी आम चुनाव में अर्ध-शतक का आंकड़ा पार करने के लिए संघर्ष करेगी। उन्होंने उत्तर प्रदेश की रायबरेली सीट से चुनाव लड़ने के फैसले पर कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर तंज कसा और कहा कि केरल के वायनाड में हार के डर से उन्होंने यह कदम उठाया है। राहुल वायनाड से मौजूदा सांसद हैं। बर्द्धमान-दुर्गापुर, कृष्णानगर और बोलपुर लोकसभा क्षेत्रों में रैलियों को संबोधित करते हुए मोदी ने कहा कि अगर कांग्रेस सत्ता में आई तो वह अनुसूचित जाति, दलितों और ओबीसी का आरक्षण छीन लेगी और उसे अपने जिहादी वोट बैंक को दे देगी ताकि पार्टी अपनी तुष्टीकरण की राजनीति कर सके।



प्रधानमंत्री ने उत्तर प्रदेश में समाजवादी पार्टी (सपा) के एक उम्मीदवार की वोट जिहाद संबंधी टिप्पणी का समर्थन करने के लिए विपक्षी इंडिया गठबंधन और कांग्रेस की आलोचना की। मोदी ने राहुल गांधी का नाम लिए बगैर कहा कि उन्होंने पहले ही बता दिया था कि शहजादे वायनाड में हारने वाले हैं और जैसे ही मतदान समाप्त होगा वह कोई और सीट खोजने लग जाएंगे। उन्होंने कहा, ...और अब दूसरी सीट पर भी उनके सारे चेले-चपाटे कह रहे थे अमेठी आएंगे, अमेठी आएंगे। लेकिन (राहुल) अमेठी से भी इतना डर गए कि वहां से भागकर अब रायबरेली में खोज रहे हैं रास्ता। ये लोग घूम-घूम कर सबको कहते हैं - डरो मत! मैं भी इन्हें कहता हूं, अरे डरो मत! भागो मत!

प्रधानमंत्री ने इसके साथ पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी पर भी निशाना साधा और कहा कि उन्होंने तीन महीने पहले ही दावा किया था कि कांग्रेस की सबसे बड़ी नेता इस बार चुनाव लड़ने की हिम्मत नहीं करेंगी। उन्होंने कहा, वो डर के मारे भाग जाएंगी। भाग करके राजस्थान गईं और राज्यसभा में आईं। मोदी ने दावा किया इस बार के चुनाव के नतीजे का अनुमान लगाने के लिए किसी ओपिनियन पोल या फिर एक्जिट पोल की जरूरत नहीं है क्योंकि परिणाम स्पष्ट हैं। उन्होंने कहा, कांग्रेस इस बार पहले से भी कम सीटों पर सिमटने जा रही है। अब देश भी समझ रहा है कि ये लोग चुनाव जीतने के लिए नहीं लड़ रहे हैं, ये सिर्फ देश को बांटने के लिए चुनाव के मैदान का उपयोग कर रहे हैं। कांग्रेस ने शुक्रवार को अमेठी और रायबरेली को लेकर जारी संशय को समाप्त करते हुए उनकी मां सोनिया गांधी की परंपरागत सीट से राहुल गांधी की उम्मीदवारी की घोषणा की। राहुल गांधी 2019 में अमेठी निर्वाचन क्षेत्र से हार गए थे लेकिन वायनाड से जीते थे। वायनाड सीट से वह इस बार भी लड़ रहे हैं। मोदी ने कहा, लोकसभा चुनाव में कांग्रेस की सीटें अब तक के सबसे निचले स्तर पर होंगी। कांग्रेस जितनी चाहे कोशिश कर ले, लेकिन पार्टी इस बार अर्धशतक का आंकड़ा पार नहीं कर पाएगी। उन्हें 50 सीट पाने के लिए भी संघर्ष करना पड़ेगा। लोकसभा चुनावों में कांग्रेस को सबसे कम सीट 2014 में मिलीं थीं जब उसे सिर्फ 44 सीट मिली थीं। 2019 में, पार्टी ने 52 सीट जीती थी।

### वाम मोर्चा खो चुका है अपना जनाधार

मोदी ने कहा, क्या तृणमूल कांग्रेस 15 सीट जीतकर, कांग्रेस 50 से कम सीट प्राप्त कर और वाम मोर्चा जो कि अपना जनाधार खो चुका है... चुनाव जीत सकते हैं और एक स्थिर सरकार बना सकते हैं? जवाब है ...नहीं। केवल भाजपा नीत राजग ही चुनाव जीत सकता है और स्थिर सरकार बना सकता है। प्रधानमंत्री ने तृणमूल कांग्रेस पर आरोप लगाया कि उसने पश्चिम बंगाल में हिंदुओं को दोयम दर्जे का नागरिक बनाकर छोड़ दिया है और उसके नेतृत्व वाली सरकार यहां भ्रष्टाचार के साथ ही तुष्टीकरण की राजनीति में लिप्त है तथा राज्य में लोकतंत्र की कब्र खोद रही है। मुर्शिदाबाद जिले में तृणमूल कांग्रेस के विधायक हुमायूं कबीर की एक कथित टिप्पणी का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा, बंगाल में हिंदू दोयम दर्जे के नागरिक क्यों बन गए हैं... टीएमसी के एक विधायक ने हाल ही में बयान दिया था कि वे हिंदुओं को भागीरथी नदी में फेंक देंगे। यह किस तरह की राजनीति है? क्या तृणमूल कांग्रेस के लिए मानवता से ज्यादा तुष्टीकरण महत्वपूर्ण है ?प्रधानमंत्री ने कहा कि उन्हें (तृणमूल कांग्रेस को) राम मंदिर, रामनवमी, शोभा यात्रा और जय श्रीराम के नारों तक से समस्या है। मोदी ने कांग्रेस को चुनौती दी कि वह लिखित में वादा करे कि वह धर्म के आधार पर आरक्षण देने के लिए संविधान में संशोधन नहीं करेगी। उन्होंने कहा, हमारा संविधान स्पष्ट रूप से कहता है कि भारत सरकार को धर्म के आधार पर आरक्षण प्रदान नहीं करना चाहिए लेकिन कांग्रेस धर्म के आधार पर आरक्षण देना चाहती है। क्योंकि वह ओबीसी, दलितों और आदिवासियों से नाराज है, क्योंकि उन्होंने मोदी का समर्थन किया है।

# क्या प्रधानमंत्री मोदी आरक्षण पर 50 प्रतिशत की सीमा खत्म करेंगे : राहुल

**एजेंसी**
पुणे

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने शुक्रवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से सवाल किया कि क्या वह देश में आरक्षण पर 50 प्रतिशत की सीमा को खत्म करेंगे और कहा कि उनकी पार्टी की न्याय गारंटी भविष्य की राजनीति में क्रांतिकारी बदलाव लाएगी। पुणे लोकसभा सीट से कांग्रेस के उम्मीदवार रवींद्र धांगेकर के लिए एक रैली को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि विचारधारा की दृष्टि से महाराष्ट्र एक कांग्रेसी राज्य है और उन्हें यहां आना पसंद है।

कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष गांधी ने कहा कि अगर संविधान बदल दिया गया तो भारत की पहचान खत्म हो जाएगी। उन्होंने सवाल किया, मोदी जी इस पर बोलेंगे कि क्या वह देश में आरक्षण पर 50 प्रतिशत की सीमा खत्म करेंगे? गांधी ने कहा कि उनकी पार्टी जाति जनगणना कराने के लिए प्रतिबद्ध है और दोहराया कि वह आरक्षण पर कृत्रिम 50 प्रतिशत की सीमा को हटा देगी। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि इस सीमा से करोड़ों लोगों को परेशानी होती है और इसे खत्म कर दिया जाएगा।



उन्होंने कहा, हमारी लड़ाई संविधान बचाने की है। मोदीजी, भाजपा और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ उस संविधान को नष्ट करने की कोशिश कर रहे हैं, जिसे बाबा साहब आंबेडकर ने तैयार किया था और जो महात्मा फुले, महात्मा गांधी और पंडित नेहरू की विचारधाराओं को दर्शाता है। उन्होंने सभा में कहा कि यह संविधान है जो गरीबों, वंचितों और पिछड़ों को अधिकार देता है और अगर यह नहीं है तो आपके पास जो कुछ भी है वह 22-25 लोगों के पास चला जाएगा।

गांधी ने कहा, उनके नेता संविधान बदलने, आरक्षण खत्म करने की बात करते हैं। लेकिन कांग्रेस ऐसा कभी नहीं होने देगी। देश में 15 प्रतिशत दलित, 8 प्रतिशत आदिवासी और 50 प्रतिशत पिछड़ा वर्ग है। अतः तीनों वर्गों की संचयी आबादी 73 प्रतिशत है। उन्होंने कहा कि लेकिन कॉर्पोरेट और अन्य क्षेत्रों में उनका प्रतिनिधित्व नगण्य है। कांग्रेस नेता गांधी ने कहा कि मीडिया किसानों, मजदूरों, बेरोजगारी और मुद्रास्फीति के बारे में बात नहीं करता है बल्कि मशहूर हस्तियों, अमीरों और शक्तिशाली लोगों की शादियों पर ध्यान केंद्रित करता है।

गांधी ने कहा कि यही कारण है कि कांग्रेस जाति जनगणना, आर्थिक सर्वेक्षण और हर संस्थान का सर्वेक्षण कराएगी। उन्होंने कहा, इस कवायद से हम मीडिया, कॉरपोरेट, निजी अस्पतालों, कॉलेज और विश्वविद्यालयों में दलितों, आदिवासियों और पिछड़े वर्गों के प्रतिनिधित्व का पता लगाएंगे। इससे सबकुछ एकदम साफ हो जाएगा। यह एक क्रांतिकारी कदम होगा जैसा इस देश में पहले कभी नहीं हुआ। उन्होंने कहा, उच्चतम न्यायालय ने चुनावी बॉण्ड योजना को अवैध बताया। मोदीजी का दावा है कि वह राजनीति को स्वच्छ बनाने का प्रयास कर रहे हैं। यदि आप राजनीति को शुद्ध करने का प्रयास कर रहे हैं तो आप दानदाताओं के नाम क्यों छिपा रहे हैं। मीडिया चुनावी बॉण्ड योजना के बारे में नहीं बोल रहा है।

चुनावी बॉण्ड योजना का जिक्र करते हुए गांधी ने आरोप लगाया कि मोदी ने देश के सामने घोटाला किया है। गांधी ने दावा किया कि केंद्र सरकार ने देश के 22 सबसे अमीर व्यक्तियों का कर्ज माफ करके उन्हें 16 लाख करोड़ रुपये दिए हैं, जबकि इस राशि से 24 बार किसानों का कर्ज माफ हो सकता था और यह 24 वर्षों के मनरेगा के बजट के बराबर है।

# पंजाब में 'कमल' खिलने की कोई संभावना नहीं है: भगवंत मान

**सिटी दर्पण**
चंडीगढ़

पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने शुक्रवार को पटियाला में एक रोड शो किया और दावा किया कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) को राज्य में हार का सामना करना पड़ेगा। आम आदमी पार्टी (आप) के नेता मान ने कहा कि पंजाब में कमल (भाजपा का चुनाव चिह्न) खिलने की कोई संभावना नहीं है।



आप के उम्मीदवार एवं मंत्री डॉ. बलबीर सिंह के लिए प्रचार करते हुए मान ने कहा, पंजाब बनेगा हीरो, इस बार 13-0 (आप राज्य की सभी 13 लोकसभा सीट जीतेगी)।उन्होंने कहा, पंजाब के लोग एक बार फिर झाड़ू का बटन (ईवीएम मशीन पर आप का चुनाव चिह्न) दबाने के लिए तैयार हैं।

भाजपा पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा कि पिछले आम चुनाव में उनके दो सांसद जीते थे, लेकिन इस बार पंजाब में कमल खिलने की कोई संभावना नहीं है, उन्हें पंजाब में एक बड़ा शून्य मिलेगा। मान ने कहा कि वह लोगों से मिल रहे प्यार और समर्थन के लिए उनके आभारी हैं, क्योंकि यह प्यार मुझे कड़ी मेहनत करने के लिए प्रेरित करता है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि 2022 में हुए विधानसभा चुनाव में पंजाब के लोगों ने उन पर भरोसा किया और बड़ी जिम्मेदारी दी। उन्होंने दावा किया कि उनकी सरकार ने अब तक 43,000 सरकारी नौकरियां दी हैं, 90 प्रतिशत घरों का बिजली बिल शून्य आता है जबकि पंजाब के अंतिम छोर तक पहली बार नहर का पानी मिल रहा है।

मान ने कहा कि पहली बार किसानों को दिन में 11 घंटे निर्बाध बिजली मिल रही है। पंजाब में सभी 13 लोकसभा सीट पर अंतिम चरण में एक जून को मतदान होगा।


# राहुल चुनाव शुरू होते ही गठबंधन करते हैं और बाद में भाग जाते हैं: योगी

**एजेंसी**
संभल

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर निशाना साधते हुए शुक्रवार को कहा कि वह चुनाव शुरू होते ही गठबंधन करते हैं और चुनाव खत्म होने के बाद भाग जाते हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने संभल लोकसभा क्षेत्र में आयोजित जनसभा को संबोधित करते हुए यह बात कही और इस सीट से भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) प्रत्याशी परमेश्वर लाल सैनी के पक्ष में वोट डालने की अपील की।

मुख्यमंत्री ने कहा, देश में जब भी संकट आएगा तो सबसे पहले राहुल इटली भाग जाएंगे। उन्हें भारत और यहां की जनता की याद नहीं आएगी। लेकिन जब चुनाव आते हैं तो इन्हें रामलला याद आ जाते हैं और उत्तर प्रदेश आ धमकते हैं। उन्होंने कहा, राहुल गांधी चुनाव शुरू होते ही चुनावी गठबंधन करने लगते हैं और चुनाव खत्म होते ही भाग जाते हैं। यही इनकी फितरत है। वह पांच वर्षों तक दिखाई नहीं देंगे।

मुख्यमंत्री आदित्यनाथ ने कहा, कांग्रेस और सपा का गठबंधन इंडिया पिछड़ी जाति के आरक्षण में कटौती कर उसे अल्पसंख्यकों को देनी की बात कहता है जबकि बाबा साहब भीमराव



आंबेडकर धर्म के आधार पर आरक्षण के खिलाफ थे क्योंकि धर्म के आधार पर आरक्षण भारत के विभाजन का आधार बनेगा। उन्होंने कहा, ये (कांग्रेस और सपा) देश का फिर से विभाजन चाहते हैं। वे जातिगत जनगणना कराकर लोगों को जातीय समूह में बांटकर उन्हें लड़ाना चाहते हैं। हम आरक्षण में सेंध लगाकर किसी भी दल को ऐसा होने नहीं देंगे। योगी ने कहा, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश में हर नागरिक और परिवारों को जाति, मजहब तथा भाषा से ऊपर उठकर योजनाओं का लाभ दिया जा रहा है। यही वजह है कि पूरा देश एक स्वर में एक बार फिर से मोदी सरकार का नारा लगा रहा है। कार्यक्रम में मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव भी उपस्थित रहे। मुख्यमंत्री योगी ने कहा, देश में राहुल गांधी की कोई तारीफ नहीं करता है, लेकिन पाकिस्तान के पूर्व मंत्री फवाद चौधरी कर रहे हैं।

## प्रत्याशी का फर्क.नहीं, भाजपा मुद्दों और विचारधारा पर लड़ती है चुनाव: अनुराग ठाकुर

# कांग्रेस का शीर्ष से लेकर स्थानीय नेतृत्व तक हार से डरा हुआ: अनुराग ठाकुर

**सिटी दर्पण**
शिमला

केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण और युवा एवं खेल मामलों के मंत्री श्री अनुराग सिंह ठाकुर ने कांग्रेस के शीर्ष नेतृत्व से लेकर देश भर में स्थानीय नेतृत्व के हार से डरे होने की बात कही। श्री अनुराग ठाकुर ने यह बातें हमीरपुर के सुजानपुर मंडल में आयोजित पन्ना प्रमुख सम्मेलन में कहीं।

अनुराग ठाकुर ने कहा कांग्रेस पार्टी इन चुनावों में पूरी तरह हताश और निराश दिख रही है। कांग्रेस के शीर्ष नेतृत्व से लेकर स्थानीय नेतृत्व के अंदर हार का डर भर गया है। डरो मत के नारे के साथ शुरूआत करने वाले राहुल गांधी आज हार के डर से कभी अमेठी से वायानाड और कभी वायनाड से रायबरेली जा रहे हैं। न्याय की बात करने वाली प्रियंका गांधी के साथ कांग्रेस में खुद अन्याय हुआ है क्योंकि उनके पति रॉबर्ट वाड्रा रायबरेली से टिकट मांग रहे थे। प्रियंका जी का स्वयं भी रायबरेली से चुनाव लड़ने हेतु नाम सामने आ रहा था। अब वायनाड के हार को सामने देख कर राहुल गांधी रायबरेली पहुँचे हैं, राहुल गांधी जितना मजी भाग लें उनकी दोनों जगह से हार निश्चित है।लगता है कांग्रेस पार्टी के शीर्ष में भी सब कुछ ठीक नहीं है।

अनुराग ठाकुर ने आगे कर्नाटक के जेडीएस नेता श्री रेवन्ना के ऊपर पूछे गए प्रश्न के जवाब में कहा कि जब कांग्रेस को उसके बारे में पता था तो समय रहते कार्रवाई क्यों नहीं कि? कानून व्यवस्था हमेशा राज्य सरकार की जिम्मेदारी होती है। मान लीजिए हिमाचल में जब दो बहनों की हत्या हुई थी तब क्या अपराधियों की गिरफ्तारी की मांग केंद्र सरकार से की जाएगी?



अब जब वह व्यक्ति विदेश चला गया तब कांग्रेस जानबूझकर इस पर राजनीति कर रही है।कांग्रेस शासित कर्नाटक में कानून व्यवस्था पूरी तरह से चरमरा गई है। हाल में ही जब एक कांग्रेस काउंसलर की बेटी की बेरहमी से हत्या की गई तब भी वहां की कांग्रेस सरकार ने वोट बैंक और तुष्टीकरण के चलते कोई कार्रवाई नहीं की। बेंगलुरु में आतंकवादी हमला होता है तब भी कांग्रेस आतंकियों को पकड़ने के बजाय तुष्टीकरण करने में व्यस्त रहती है। अंत में आतंकियों को ममता बनर्जी द्वारा शासित पश्चिम बंगाल से पकड़ा जाता है। अभी भी कर्नाटक से एक राजनीतिक व्यक्ति के वीडियो सामने आने के बाद कांग्रेस की सरकार उसपर कार्रवाई करने में पूरी तरह से विफल रही।

उन्होंने कहा कि इन्हें पूरे प्रकरण के बारे में पहले से मालूम था फिर भी इन्होंने उसे विदेश भागने दिया। कर्नाटक के विधानसभा में राज्यसभा के चुनाव के बाद कांग्रेस के समर्थक पाकिस्तान जिंदाबाद के नारे लगाते हैं पर कांग्रेस उस पर कार्रवाई करने की बजाय उसकी लीपापोती करती है। अनुराग ठाकुर ने अंत में कहा कि हमें फर्क नहीं पड़ता कि हमारे सामने विपक्षी उम्मीदवार कौन है। हम अपने विकास के ट्रैक रिकार्ड, मुद्दों और विचारधारा पर चुनाव लड़ते हैं। 2014 और 2019 की भांति फिर से हिमाचल प्रदेश की जनता चारों की चारों सीटें भारतीय जनता पार्टी को जिताएगी और मोदी जी को पुनः तीसरी बार देश का प्रधानमंत्री बनाएगी।

अनुराग ठाकुर ने आगे अपने संसदीय क्षेत्र के विकास के बारे में बोलते हुए कहा, मोदी जी के आशीर्वाद से हमीरपुर संसदीय क्षेत्र में 360 डिग्री विकास हुआ है। आज क्षेत्र में 300 बेड का मेडिकल कॉलेज अस्पताल लगभग 400 करोड रुपए की लागत से बनकर तैयार हो चुका है। यहां कक्षाएं 3-4 साल पहले से ही चालू हैं।

# पंजाब पुलिस ने अमृतसर से 4 किलो आईसीई ड्रग 1 किलो हेरोइन की बरामद ; एक आरोपी गिरफ्तार

## सरहद पार से नशीले पदार्थों की खेप पहुँचाने के लिए ड्रोनों का किया गया था प्रयोग : डीजीपी गौरव यादव



सिटी दर्पण
चंडीगढ़/ अमृतसर

सरहद पार से नशा तस्करी करने वाले नैटवर्क के खिलाफ खुफिया सूचना पर की कार्यवाही में, काउन्टर इंटेलिजेंस (सीआइ) अमृतसर ने एक व्यक्ति को गिरफ्तार करके उसके पास से 4 किलो आईसीई ड्रग (क्रिस्टल मेथामफेटामाईन) और 1 किलो हेरोइन बरामद की है। यह जानकारी डीजीपी पंजाब गौरव यादव ने यहाँ शुक्रवार को दी।

गिरफ़्तार किये गए मुलजिम की पहचान अवतार सिंह निवासी गाँव कक्कड़ जिला अमृतसर के तौर पर हुई है। डीजीपी गौरव यादव ने बताया कि (सी. आई.) अमृतसर को विश्वसनीय सूत्रों से पता लगा कि मुलजिम अवतार सिंह ने अजनाला के गाँव भिंडी सैदें से नशीले पदार्थों की एक खेप बरामद की है और इस खेप को छेहरटा के शेर शाह सूरी रोड स्थित हरगोबिन्द ऐवीन्यू नजदीक पहुँचाने जा रहा है।

- पाक आधारित नशा तस्कर के साथ सीधे संपर्क में था गिरफ्तार किया दोषी
- इस सम्बन्धी अगली-पिछली कड़ियाँ खोजने के लिए आगे जांच जारी : डीजीपी पंजाब

इस पर तुरंत कार्यवाही करते हुये डी. एस. पी. सी. आई बलबीर सिंह के नेतृत्व में सी. आई. अमृतसर की पुलिस टीमों ने निर्धारित स्थान पर छापेमारी की और दोषी व्यक्ति को गिरफ़्तार करके उसके कब्जे में से 4 किलो आई. सी. ई. ड्रग्ग और 1 किलो हेरोइन बरामद की।

डीजीपी ने बताया कि जांच के दौरान पता लगा है कि मुलजिम अवतार पाकिस्तान आधारित नशा तस्कर के सीधे संपर्क में था। जांच से यह भी पता लगा है कि पाकिस्तान आधारित नशा तस्कर ने सरहद पार से नशीले पदार्थ की खेप पहुँचाने के लिए ड्रोन का प्रयोग किया था। उन्होंने कहा कि पूरे नैटवर्क का पदार्फाश करने के लिए अगली-पिछली कड़ियों का पता लगाने के लिए आगे जांच जारी है।

इस सम्बन्धी एफ. आई. आर. नम्बर 26 तारीख 02.05.2024 को एन. डी. पी. एस. एक्ट की धाराओं 21, 22 और 29 के अंतर्गत थाना एस. एस. ओ. सी. अमृतसर में मुकदमा दर्ज किया गया है। मुलजिम अवतार सिंह को स्थानीय अदालत में पेश किया जायेगा, जहाँ पुलिस उसके रिमांड के लिए माँग करेगी जिससे नशों के इस कारोबार में शामिल उसके अन्य साथियों के बारे भी अहम जानकारी जुटायी जा सके।

# लुधियाना से लापता सांसद रहे हैं बिट्टू, जन समस्याओं को किया अनदेखा : राजा वड़िंग

एजेंसी
लुधियाना



- वडिंग का आरोप : दलबदलू उम्मीदवार रवनीत ने हमेशा किया पार्टी विरोधी काम
- पीसीसी अध्यक्ष का लुधियाना की जनता से वादा : संसदीय क्षेत्र की समस्याओं को प्राथमिकता के साथ सुलझाएंगे

पंजाब कांग्रेस अध्यक्ष और लुधियाना संसदीय क्षेत्र से प्रत्याशी अमरेंद्र सिंह राजा वडिंग ने दलबदलू उम्मीदवार रवनीत बिट्टू पर तंज कसते हुए उन्हें लापता सांसद करार दिया, जोकि न तो जनता को दिखाई देते हैं और न ही जनसमस्याएं सुनते हैं।

उन्होंन कहा कि भाजपा के दलबदलू उम्मीदवार रवनीत ने हमेशा पार्टी विरोधी काम किया। न तो कभी जन समस्याओं को तवज्जो दी और न ही लुधियाना की जन समस्याओं को सुलझाने के लिए कोई रोडमैप तैयार किया।

उन्होंने लुधियाना की जनता को आश्वस्त किया कि वे हमेशा 24 घंटे उनके बीच में रहेंगे और संसदीय क्षेत्र की समस्याओं को प्राथमिकता के साथ सुलझाएंगे। उन्होंने कहा कि वे पंजाबी है, इसलिए उन्हें लुधियाना की जनता अपना मानती है।

वे भारतीय होने के नाते कहीं भी चुनाव लड़ सकते हैं। फिर भी मैं अपने मित्र बिट्टू को चुनौती देता हूं कि वे ऐसे 15 लोगों की सूची बनाकर उन्हें टेलीफोन करें, जो पिछले 15 सालों से उनका सही पता जानते हों।

उन्होंने रवनीत बिट्टू के बाहरी होने के आरोप का जवाब देते हुए कहा, जब वह 2009 में श्री आनंदपुर साहिब से चुनाव लड़ सकते हैं और उनके नए नेता प्रधानमंत्री मोदी गुजरात छोड़कर वाराणसी से चुनाव लड़ सकते हैं तो वडिंग लुधियाना से चुनाव क्यों नहीं लड़ सकते है।

# पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी आईएसआई के लिए जासूसी करने को लेकर एक व्यक्ति गिरफ्तार

एजेंसी
होशियारपुर



पंजाब के होशियारपुर जिले में पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी इंटर-सर्विसेज इंटेलीजेंस (आईएसआई) के लिए कथित रूप से जासूसी करने और उसे भारत-विरोधी गतिविधियों में मदद करने को लेकर एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने शुक्रवार को यह जानकारी दी।

उसने बताया कि इस व्यक्ति पर भारतीय सैन्य तैनातियों के बारे में संवदेनशील सूचना उपलब्ध कराकर तथा अपने मोबाइल फोन से दस्तावेज एवं फोटो भेजकर भारत-विरोधी गतिविधियों में सहयोग करने का आरोप है।

पुलिस ने बताया कि एक गुप्त सूचना के आधार पर उसने बृहस्पतिवार की रात होशियारपुर में फगवाड़ा रोड पर रेलरोड क्रॉसिंग के पास जासूस हरप्रीत सिंह को पकड़ा, जो यहां फिलहाल विजय नगर इलाके में रह रहा था। वैसे वह तरन तारन जिले का निवासी है।

पुलिस के मुताबिक, सिंह पिछले चार साल से शहर में रह रहा था और वह आंगतुक वीजा पर कथित रूप से पाकिस्तान की दो बार यात्रा कर चुका है। पुलिस का कहना है कि पाकिस्तान में उसने आईएसआई के अधिकारियों से भेंट की थी और अब वह यहां भी व्हाट्सऐप पर इन आईएसआई अधिकारियों के संपर्क में था।

पुलिस के अनुसार, भारत-विरोधी गतिविधियों की खातिर सिंह ने फर्जी दस्तावेजों के आधार पर भारतीय सिमकार्ड खरीदे तथा उसने इन सिम कार्ड के माध्यम से आईएसआई अधिकारियों को व्हाट्सऐप एवं अन्य इंटरनेट आधारित ऐप के इस्तेमाल में मदद की। पुलिस ने कहा कि उसने उसके पास से एक बैग बरामद किया है जिसमें एक आधार कार्ड, एक पासपोर्ट, कुछ भारतीय मुद्राएं और एक मोबाइल फोन है। एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि सिंह से पूछताछ की जा रही है तथा पुलिस बाद में और खुलासे करेगी। पुलिस ने कहा कि बृहस्पतिवार रात को यहां मॉडल टाऊन थाने में एक प्राथमिकी दर्ज की गयी, जिसमें उसपर भारतीय दंड संहिता, सूचना प्रौद्योगिकी कानून तथा सरकारी गोपनीयता कानून की संबंधित धाराएं लगायी गयी हैं।

# राधा स्वामी सत्संग के लिए अजमेर तथा जोधपुर से चलेगी स्पेशल ट्रेने

एजेंसी
फिरोजपुर




रेलवे द्वारा ब्यास में राधा स्वामी सत्संग के भक्तों की सुविधा हेतु निम्नलिखित स्पेशल ट्रेनों को चलाने का निर्णय लिया है। जिसका विवरण इस प्रकार हैः- अजमेर-ब्यास-अजमेर (02 ट्रिप) एवं जोधपुर-ब्यास-जोधपुर (01 ट्रिप)।

अजमेर-ब्यास अजमेर स्पेशल (02 ट्रिप): रेलगाडी संख्या 09641 (अजमेर-ब्यास स्पेशल) दिनांक 09.05.2024 व 23.05.2024 को अजमेर से शाम 17.15 बजे रवाना होकर अगले दिन दोपहर 12.00 बजे ब्यास पहुंचेगी। इसी प्रकार गाड़ी संख्या 09642 (ब्यास-अजमेर स्पेशल) दिनांक 12.05.2024 व 26.05.2024 को ब्यास से दोपहर 14.15 बजे रवाना होकर अगले दिन सुबह 09.45 बजे अजमेर पहुंचेगी। यह रेलसेवा मार्ग में किशनगढ़, फुलेरा, जयपुर, गांधीनगर जयपुर, बांदीकुई, अलवर, रेवाडी, भिवानी, हिसार, जाखल, धुरी, लुधियाना व जालन्धर सिटी स्टेशनों पर ठहराव करेगी। इस गाडी में 02 थर्ड एसी, 12 द्वितीय शयनयान, 08 साधारण श्रेणी एवं 02 गार्ड डिब्बों सहित कुल 24 डिब्बें होगें।

जोधपुर-ब्यास-जोधपुर स्पेशल (01 ट्रिप): रेलगाडी संख्या 04833 (जोधपुर-ब्यास स्पेशल) जोधपुर से दिनांक 16.05.24 को अपराहन 15.30 बजे रवाना होकर अगले दिन सुबह 10.10 बजे ब्यास पहुंचेगी। इसी प्रकार गाड़ी संख्या 04834 (ब्यास- जोधपुर स्पेशल) ब्यास से दिनांक 19.05.24 को अपराहन 14.15 बजे रवाना होकर अगले दिन सुबह 09.15 बजे जोधपुर पहुंचेगी। यह रेलसेवा मार्ग में पीपाड रोड, गोटन, मेडता रोड, मारवाड मुंडवा, नागौर, बीकानेर, सूरतगढ, हनुमानगढ, बठिण्डा, धुरी, लुधियाना व जालन्धर सिटी स्टेशनों पर ठहराव करेगी। इस गाडी में 02 थर्ड एसी, 12 द्वितीय शयनयान, 08 साधारण श्रेणी एवं 02 गार्ड डिब्बों सहित कुल 24 डिब्बें होगें।

# न्यायालय ने चंडीगढ़ में पंजाब के मुख्यमंत्री के आवास के बाहर सड़क खोलने पर रोक लगाई

एजेंसी
नई दिल्ली/चंडीगढ़



उच्चतम न्यायालय ने चंडीगढ़ में पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान के आवास के बाहर एक सड़क को प्रयोग के आधार पर खोलने के फैसले पर शुक्रवार को रोक लगा दी।

न्यायमूर्ति संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता की पीठ ने इस बात पर गौर किया कि केंद्र और पंजाब सरकार दोनों ही खतरे की आशंका के मद्देनजर सड़क को खोलने के खिलाफ रही हैं। यह सड़क 1980 के दशक से बंद है।

पीठ ने पंजाब सरकार द्वारा दाखिल याचिका पर नोटिस जारी करते हुए केंद्र शासित प्रदेश चंडीगढ़ प्रशासन से दो सितंबर तक जवाब दाखिल करने को कहा है। शीर्ष अदालत ने कहा कि 1980 के दशक में पंजाब में आतंकवाद चरम पर होने के कारण इस सड़क पर आवाजाही बंद कर दी गयी थी।

पंजाब और हरियाणा उच्च न्यायालय ने 22 अप्रैल को सुखना झील को चंडीगढ़ के नयागांव से जोड़ने वाली 500 मीटर की सड़क को प्रयोग के आधार पर एक मई से खोलने का आदेश दिया था। उच्च न्यायालय ने चंडीगढ़ पुलिस को सड़क के लिए यातायात प्रबंधन योजना तैयार करने के लिए यातायात विशेषज्ञों को भी इसमें शामिल करने का निर्देश दिया था।

सड़क को कार्य दिवसों पर सुबह सात बजे से शाम सात बजे तक खोला जाना था। सड़क बंद होने की वजह से नयागांव और सुखना झील के बीच यात्रा करने वाले लोगों को शहर के निकटवर्ती सेक्टरों से होकर लंबा चक्कर रास्ता तय करना पड़ता है।

# पंजाब कांग्रेस अध्यक्ष वडिंग ने लुधियाना में रोड शो किया, सीट से हैं उम्मीदवार

एजेंसी
लुधियाना



पंजाब कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष एवं लुधियाना संसदीय क्षेत्र से पार्टी उम्मीदवार अमरिंदर सिंह राजा वडिंग ने बृहस्पतिवार को कहा कि पार्टी राज्य की सभी 13 लोकसभा सीट जीतने के अपने मिशन में एकजुट है।

वडिंग का इस सीट पर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के रवनीत सिंह बिट्ढ, आम आदमी पार्टी (आप) के अशोक पाराशर पप्पी और शिरोमणि अकाली दल (शिअद) के रणजीत सिंह ढिल्लों से मुकाबला होगा।

वडिंग ने लुधियाना में अपने रोड शो के दौरान पत्रकारों से कहा, एक तरफ कांग्रेस है और दूसरी तरफ बाकी सभी हैं। अगर वे सभी एकसाथ भी आ जाएं तो भी वे हमारी बराबरी नहीं कर सकते। वडिंग ने कहा कि कांग्रेस पंजाब की सभी 13 सीट जीतने के अपने मिशन में एकजुट है।

कांग्रेस नेता के रोड शो को फ्लॉप करार देते हुए, भाजपा की लुधियाना इकाई के अध्यक्ष रजनीश धीमान ने कहा कि ऐसा लग रहा है जैसे वडिंग को न केवल लुधियाना के लोगों ने बल्कि कांग्रेस कार्यकताओं ने भी खारिज कर दिया है।

# लोस चुनावः शिअद, आप को आचार संहिता उल्लंघन के लिए चेतावनी जारी की गई

एजेंसी
चंडीगढ़




शिरोमणि अकाली दल (शिअद) और आम आदमी पार्टी (आप) को आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन के लिए निर्वाचन आयोग के निर्देश पर चेतावनी जारी की गई है। यह जानकारी पंजाब के मुख्य निर्वाचन अधिकारी के कार्यालय ने बृहस्पतिवार को दी।

सुखबीर सिंह बादल के नेतृत्व वाली पार्टी शिअद को एक वीडियो में पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान और आप उम्मीदवारों के खिलाफ 'दिल्ली के दलाल' वाक्य का इस्तेमाल करने के लिए चेतावनी दी गई है। वीडियो को बाद में शिअद ने हटा दिया था। एक आधिकारिक विज्ञप्ति के अनुसार, इस तरह के बयान आदर्श आचार संहिता के दिशानिर्देशों का उल्लंघन है।

वहीं, शिअद अध्यक्ष की चुनावी रैली में बच्चों के इस्तेमाल करने को भी आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन माना गया है। आम आदमी पार्टी को अनसेक्रेड गेम्स ऑफ पंजाब जैसी पोस्ट या वीडियो डालने से परहेज करने को कहा गया है। खडूर साहिब से आप उम्मीदवाद लालजीत सिंह भुल्लर की तरफ से अपने राजनैतिक प्रतिद्वंद्वियों के लिए इस्तेमाल जाति आधारित टिप्पणियों को भी निर्वाचन आयोग की तरफ से आचार संहिता के निदेर्शो का उल्लंघन माना गया है।

विज्ञप्ति में कहा गया है कि आप को निर्वाचन आयोग के दिशानिदेर्शों का उल्लंघन करने के लिए चेतावनी दी गई है और भविष्य में ऐसी गलती नहीं दोहराने और आचार संहिता के दिशानिदेर्शों का सख्ती से पालन करने का निर्देश दिया गया है। पंजाब की 13 लोकसभा सीटों के लिए एक जून को मतदान होगा।

## आयोजन | गणमान्यों ने जय श्री बालाजी जयघोष के साथ स्वीकार किये निमंत्रण

# बरसाना में दिये स्थापना दिवस के निमंत्रण

एजेंसी
लुधियाना



सिद्ध पीठ महाबली संकटमोचन का 20 वां वार्षिक स्थापना दिवस 27 मई को शंकराचार्य नगर, हैबोवाल कलां, जोशी नगर मंदिर प्रांगण में मनाया जा रहा है जिसके निमंत्रण देश विदेश में श्री बालाजी भक्तों को दिये जा रहे है ओर प्रधान अमन जैन की अध्यक्षता में भक्तों का जत्था मथुरा वृन्दावन गया यहां भगवान बांके बिहारी जी को ओर बरसाना में गणमान्यों को स्थापना दिवस के निमंत्रण दिये गये। प्रधान अमन जैन ने कहा कि श्री बालाजी महाराज का स्थापना दिवस एक उत्सव की भांति मनाया जायेगा ओर इसकी धूम देश विदेशों में पहुंचेगी ओर यहां तक सम्भव हो पायेगा हम गणमान्यों को निमंत्रण देने पहुंचेंगे। उन्होंने कहा कि भगवान श्री श्याम ओर श्री बालाजी महाराज जी का भक्त ओर प्रभु का एक ऐसा रिश्ता है जिसका शब्दों में व्याख्यान सम्भव नही है क्योंकि श्री बालाजी भगवान को श्री श्याम में प्रभु श्री राम को पाते है। उन्होंने कहा कि प्रभु पर अटूट विश्वास हो तो भगवान की अनुभूति हम हर जगह कर सकते है बस अपने अंतर्धयान से प्रभु का चिंतन ही प्रभु से मिलन कराता है। मथुरा के बाद बरसाना में भक्तों ने जय श्री बालाजी जयघोष के साथ निमंत्रण को स्वीकार किया। इस अवसर पर सरप्रस्त ऋषि जैन, अनुज मदान, ने कहा कि श्री बालाजी मंदिर के स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में वह हर सम्भव सहयोग देते रहेंगे ओर वार्षिक स्थापना दिवस को सफल बनाएंगे। इस अवसर पर अरविन्द टिल्लू, नरिंदर नथानी, राहुल ऑप्टिकल, सुनील कैटर, तमन्ना बुधिराजा, इंदु खुराना, शीतल घई, दीपक, पंडित देवी दयाल, गोपाल बुधिराजा, हैप्पी बुधिराजा, अर्पिता जैन आदि उपस्थित हुए।

## संक्षिप्त-समाचार

### टिकट वितरण में कांग्रेस ने रखा सभी वर्गों का ध्यानः योगेंद्र योगी

चंडीगढ़। कांग्रेस पार्टी ने लोकसभा चुनाव के टिकट बंटवारे के दौरान पिछड़ा वर्ग का खास ध्यान रखा है। पार्टी हाईकमान ने हरियाणा की दस लोकसभा सीटों पर तीन पिछड़ा वर्ग के नेताओं को लोकसभा का टिकट देकर पिछड़ा वर्ग का सम्मान करने का काम किया है। पार्टी के इस फैसले के बाद पिछड़ा वर्ग में कांग्रेस पार्टी के प्रति काफी उत्साह है। यह बात कांग्रेस नेता योगेंद्र योगी ने शीर्ष नेतृत्व का आभार प्रकट करते हुए कही। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने हरियाणा में दो लोकसभा क्षेत्रों बीसी-बी के उम्मीदवार उतारे हैं। इनमें फरीदाबाद से महेंद्र प्रताप सिंह और भिवानी-महेंद्रगढ़ लोकसभा से राव दान सिंह को टिकट दी है। वहीं, बीसी-ए वर्ग से राज बब्बर को गुरुग्राम लोकसभा से मैदान में उतारा है। हरियाणा की नौ लोकसभा सीटों में 3 सीटों पर कांग्रेस पार्टी ने पिछड़ा वर्ग के प्रत्याशियों को उतारा है। टिकट बंटवारे में जातिगत समीकरणों का विशेष ध्यान रखा गया है। पिछड़ा वर्ग ने टिकट वितरण के बाद हरियाणा लोकसभा की सभी दस सीटें इंडिया गठबंधन की झोली में डालने का संकल्प ले लिया है। कांग्रेस कार्यकाल में पिछड़ा वर्ग का विशेष नीतियां बनाकर सम्मान किया गया था। राहुल गांधी ने कांग्रेस पार्टी के घोषणा-पत्र में पिछड़ा वर्ग के लिए जातिगत जनगणना करवाने की बात भी शामिल की है। योगेंद्र योगी ने कहा कि हरियाणा में कांग्रेस की ओर से पहली बार बीसी-ए वर्ग के प्रत्याशी को टिकट दी गई है। इससे बीसी-ए के 72 जातियों में कांग्रेस पार्टी के प्रति काफी उत्साह हैं और अब ये जातियां जमात बनकर काम करेंगी। सभी जातियों के लोगों ने कांग्रेस पार्टी को समर्थन देने का संकल्प लिया है।

### पंजाब के फगवाड़ा में बीटेक प्रथम वर्ष के छात्र ने आत्महत्या की

फगवाड़ा। पंजाब के फगवाड़ा में 18 वर्षीय एक छात्र ने छात्रावास की 10वीं मंजिल से कथित तौर पर कूदकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। फगवाड़ा के पुलिस अधीक्षक (एसपी) रूपिंदर कौर भट्टी ने बताया कि मरने वाले छात्र की पहचान बी.टेक कंप्यूटर साइंस के प्रथम वर्ष के छात्र मयंक के रूप में की गयी है। उन्होंने बताया कि मयंक हरियाणा के जिला रेवाडी के निमोठ गांव का रहने वाला था। उन्होंने बताया कि वह छात्रावास में रहता था और बृहस्पतिवार की रात उसने इमारत की 10वीं मंजिल से छलांग लगा दी। अधिकारी ने बताया कि शुक्रवार को पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। उन्होंने कहा कि उसके इस कदम के पीछे का कारण अब तक पता नहीं चल पाया है।

### नाबालिगा को भगाकर ले जाने का आरोप

राजपुरा। शादी का झांसा देकर साथी की मदद से नाबालिगा को भगाकर ले जाने के आरोप में आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। पुलिस के पास दर्ज करवाई रिपोर्ट में शिकायतकर्ता ने बताया कि २४ अप्रैल को रोजाना की तरह अपने काम पर चली गई, उसकी बेटी घर में अकेली थी। दोपहर को करीब साढ़े १२ बजे घर वापिस आने पर देखा की उसकी बेटी घर पर नही है। बेटी की इधर उधर तलाश करने पर किसी तरह की जानकारी नही मिली। पता चला कि आरोपी नानक सिंह अपने साथी मनदीप सिंह की मदद से शादी का झांसा देकर बहला-फुसला कर भगाकर ले गया है। जिस पर पुलिस ने पुराना राजपुरा निवासी नानक सिंह, मनदीप सिंह के खिलाफ केस दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी।

### रंगरलीया मना रहा था पति, मौके पर पहुंची पत्नी ने किया हंगामा



जालंधर। जालंधर के गढ़ा में उस समय हंगामा हो गया जब ताज मार्किट के नजदीक एक होटल में महिला ने अपने पति को उसकी प्रेमिका के साथ रंगे हाथ पकड़ लिया। हंगामा होता देख पति और उसकी प्रेमिका तुरंत मौके से फरार हो गए। पीड़िता द्वारा मामले की जानकारी थाना डिवीजन नंबर 7 की पुलिस को दे दी गई है। जानकारी के अनुसार गढ़ा की रहने वाली एक महिला ने बताया कि उसकी शादी को 7 साल हो गए हैं। उसकी शादी गढ़ा निवासी एक युवक से हुई थी। उनकी एक 6 साल की बेटी भी है। पिछले एक साल से उसका पति उसके साथ अच्छा व्यवहार नहीं कर रहा था, जिस कारण उसका अपने पति से कई बार झगड़ा भी हुआ। इसी बीच उसे पता चला कि उसके पति का किसी और लड़की से अफेयर चल रहा है। जब उसने अपने पति से उक्त लड़की को छोड़ने के लिए कहा तो वह तलाक की बात करने लगा। बेटी के भविष्य को देखते हुए उसने तलाक लेने से इनकार कर दिया और मामले को सुलझाने की कोशिश की लेकिन पति नहीं सुधरा।

### फ्लाई ओवर पर हादसा, बीच सड़क पलटा ट्रक

लुधियान। महानगर में एक भयानक हादसा होने की सूचना मिली है। हादसा इतना भयानक था कि फ्लाई ओवर पर ट्रक पलट गया। जानकारी के मुताबिक फ्लाई ओवर पर ट्रक के सामने ऑटो आ गया जिस कारण ट्रक का संतुलन बिगड़ और ट्रक पलट गया। हादसे का शिकार हुआ ट्रक सूत से भरा हुआ था और साहनेवाल से गुजरात जा रहा था। गनीमत रही इस दौरान किसी को जानी नुकसान नहीं हुआ। ट्रक ड्राइवर को मामूली चोटें आई हैं। इस घटना के बाद ऑटो चालक मौके से फरार हो गया। सूचना मिलते ही पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंचे और सड़क को ब्लॉक कर ट्रैफिक को रोका गया ताकि कोई और बड़ा हादसा न हो सके। पुलिस का कहना है कि यह हादसा गत रात्रि को हुआ था और ट्रक सीधा कर रास्ते से हटाया जा रहा है। वहीं ट्रक चालक कहना है कि ऑटो के अचानक से सामने पर हादसा हो गया।

दैनिक सिटी दर्पण
आईना सच का
न्वोन्मेषकः स्व. कृष्णा शर्मा
स्व. गीता शर्मा
संस्थापकः सतपॉल शर्मा

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक एंव संपादक भुपेंद्र शर्मा द्वारा इंप्रेशन्ज प्रिंटिंग एंड पैकेजिंग लिमिटेड, प्लॉट न. 22, ग्राउंड फ्लोर, फेस-2, इंडस्ट्रियल एरिया, पंचकूला-134113 (हरियाणा) पर मुद्रित एंव 801/1 सेक्टर-40ए, चंडीगढ़ से प्रकाशित

सभी विवादों का केंद्र न्यायालय चंडीगढ़ होगा।

स्थानीय कार्यालय
801/1, सेक्टर-40ए, चंडीगढ़।
संपर्कः 7888450261
Email: citydarpan1@gmail.com

# कांग्रेस की सरकार आने पर किसानों का सारा कर्जा माफ किया जाएगा: कुमारी सैलजा

## किसानों को किसानी बचानी के लिए एमएसपी को दिया जाएगा कानूनी दर्जा

सिटी दर्पण
चंडीगढ़/टोहाना



अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की महासचिव, पूर्व केंद्रीय मंत्री, हरियाणा कांग्रेस की पूर्व प्रदेशाध्यक्ष एवं उत्तराखंड की प्रभारी, सिरसा लोकसभा सीट से कांग्रेस (इंडिया गठबंधन) की उम्मीदवार कुमारी सैलजा ने कहा कि कांग्रेस जो भी वायदा करती है, कहती है उसे पूरा करती है मोदी की तरह जुमले नहीं छोड़ती, कांग्रेस की सरकार आने पर किसानों का सारा कर्जा माफ किया जाएगा, किसानों को किसानी बचानी के लिए एमएसपी को कानूनी दर्जा दिया जाएगा। मजदूरों के लिए मनरेगा की मजदूरी प्रतिदिन 400 रुपये दी जाएगी।

वे शुक्रवार को टोहाना विधानसभा क्षेत्र के गांव बोस्ती में एक सभा को संबोधित कर रही थी। उन्होंने कहा कि आज लड़ाई संविधान को बचाने की है, किसी को भी भ्रष्ट कहकर उस पर एजेंसियों की चाबुक चलाई जाती है, जिस पर भ्रष्टाचार के आरोप लगाए जाते है अगर वह भाजपा में शामिल हो जाए तो वह दूध का धुला हो जाता है। उन्होंने कहा कि गरीब के साथ मजाक किया जाता है, पांच किलो गेहूं देकर किसी की गरीबी दूर नहीं होती। इस सरकार ने किसानों, गरीबों, मजदूरों, युवाओं किसी का भी भला नहीं किया। बेरोजगार घूम रहा है, नशे की गिरफ्त में आ रहा है, इस बार सोच समझकर और बच्चों के भविष्य को ध्यान में रखते हुए वोट करना है। उन्होंने कहा कि इस बार सैलजा आपके दरबार में है, सैलजा को चुनाव जिताकर संसद में भेजना है।

उन्होंने कहा कि किसानों का आंदोलन कृषि क्षेत्र में गहरे संकट की घंटी बजा रहा है। भाजपा/एनडीए सरकार की प्रतिक्रिया संवेदनहीन और क्रूर रही है। किसानों को उनकी उपज का उचित और लाभकारी मूल्य नहीं मिलता; न ही उत्पादकों के पास अपनी उपज के विपणन के लिए पर्याप्त रास्ते हैं। निर्यात नियंत्रण ने किसानों को कमजोर कर दिया है। खेतिहर मजदूरों की दुर्दशा तो और भी बदतर है; काम की उपलब्धता अनियमित है और मजदूरी लगभग 04 वर्षों से स्थिर है। कांग्रेस ही एकमात्र ऐसी पार्टी है जिसने किसानों और खेतिहर मजदूरों के संकटकाल की पुकार पर ध्यान दिया है और कांग्रेस उनके दर्द को कम करने और कृषि को एक आकर्षक आजीविका बनाने के लिए हर संभव प्रयास करने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस की सरकार बनने पर कांग्रेस स्वामीनाथन आयोग की सिफारिश के अनुसार सरकार द्वारा घोषित न्यूनतम समर्थन मूल्य को कानूनी गारंटी देगी, कृषि लागत एवं मूल्य आयोग को एक वैधानिक निकाय बनाया जाएगा, खरीद केंद्रों और एपीएमसी पर किसान-विक्रेता को देय न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी.) सीधे किसान के बैंक खाते में डिजिटल रूप से जमा किया जाएगा। कांग्रेस कृषि वित्त पर एक स्थायी आयोग नियुक्त करेगी जो समय-समय पर कृषि ऋण की सीमा और ऋण राहत की आवश्यकता पर रिपोर्ट देगा।

# भाट समाज सेवा समिति तथा हरियाणा अम्बेडकर संघर्ष समिति संयुक्त रूप से मतदान जागरूकता के प्रति चलाया अभियान

सिटी दर्पण
चंडीगढ़



भाट समाज सेवा समिति हरियाणा के प्रदेशाध्यक्ष एवं प्रख्यात समाज सेवी मनोहर लाल साकला भाट तथा हरियाणा की प्रख्यात सामाजिक संस्था हरियाणा अम्बेडकर संघर्ष समिति के प्रदेश अध्यक्ष डॉ मनजीत सिंह दहिया विद्यावाचस्पति ने आज मतदान जागरूकता के प्रति जागरूकता अभियान चलाया। समिति के प्रदेश अध्यक्ष मनोहर लाल साकला भाट ने कहा कि अगर हम अपने देश को मजबूत और शिक्षित बनाना चाहते है तो इसके लिए हमें एक मजबूत नेता की आवश्यकता होगी और यह तभी संभव हो सकता है जब हम शत प्रतिशत मतदान करेंगें।

उन्होंने बताया कि हरियाणा के प्रख्यात समाज सेवी एवं हरियाणा अम्बेडकर संघर्ष समिति के प्रदेश अध्यक्ष डॉ मनजीत सिंह दहिया विद्यावाचस्पति के निर्देशानुसार आज भाट समाज सेवा समिति तथा अम्बेडकर संघर्ष समिति के संयुक्त तत्वाधान में मतदाता जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। हरियाणा अम्बेडकर संघर्ष समिति के प्रदेश अध्यक्ष डॉ मनजीत सिंह दहिया ने लोगों को मतदान के प्रति जागरूक किया और कहा कि सरकार बनाने में युवा पीढ़ी की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। हमें हमारे वोट का उचित प्रयोग करना है। उन्होंने युवाओं का आह्वान किया कि वे लोकतंत्र को मजबूत करने में सहयोग दे और ज्यादा से ज्यादा मतदान करें। डॉ मनजीत सिंह दहिया ने कहा कि सभी लोग 25 मई को अपना वोट डालने जरूर जाये। सभी मतदाता मतदान में अपनी भागीदारी 100 प्रतिशत सुनिश्चित करने के लिए अपनी वोट डालने अवश्य जाये और दूसरों को भी प्रेरित करे। वहीं आरती महंत लाखन माजरा ने अपने सम्बोधन में महिला मतदाताओं को मतदान के प्रति जागरूक करते हुए कहा कि आज महिलाएं हर क्षेत्र में बढ़-चढ़ कर प्रतिभाग कर रही है, इसीलिए मतदान प्रतिशत बढ़ाने में अपना अमूल्य योगदान दे। इस अवसर पर समिति पिछड़ा प्रकोष्ठ के प्रदेश चेयरमैन मनोहर लाल चांदीवाल ने कहा कि लोकतंत्र के महापर्व दिवस 25 मई को आपका बूथ आपका इंतजार करेगा और आप अपना वोट अवश्य डाले एवं सगे-सम्बन्धियों को मतदान करने हेतु प्रेरित करे।

# उम्मीदवार के खाते में जुड़ेगा बल्क एसएमएस का खर्च

सिटी दर्पण
करनाल

**आपत्तिजनक एसएमएस भेजने वालों पर भी रहेगी टीम की कड़ी नजर**

उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी उत्तम सिंह ने कहा कि लोकसभा आम चुनाव व करनाल विधानसभा के उपचुनाव में प्रचार के दौरान उम्मीदवार द्वारा थोक में भेजे जाने वाले एसएमएस का खर्च भी संबंधित उम्मीदवार के खाते में जोड़ा जाएगा। चुनावी प्रचार अवधि के दौरान वैकल्पिक निर्वाचन के प्रचार के लिए बल्क (थोक) में भेजे गए एसएमएस की जानकारी जिला प्रशासन व संबंधित सहायक रिटर्निंग अधिकारी को मिलने पर वह सेवा प्रदाता से इस पर हुए व्यय का अनुमान लगवाकर इसे उम्मीदवार के खाते में जोड़ देगा।

उन्होंने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग की ओर से इस संबंध में दिशा-निर्देश जारी किए हैं। आयोग के अनुसार मतदान संपन्न होने के लिए निश्चित किए गए समय की समाप्ति से 48 घंटे पहले तक की अवधि के दौरान राजनीतिक प्रकृति के थोक में एसएमएस भेजने पर प्रतिबंध रहेगा। जिला में प्रचार के दौरान मोबाइल सेवा प्रदाता सभी संबंधितों के नोटिस में ऐसे थोक एसएमएस की जानकारी मॉनिटरिंग टीम के संज्ञान में लाने के निर्देश दिए गए हैं। चुनाव को स्वतंत्र, निष्पक्ष और शांतिपूर्ण प्रक्रिया के साथ संपन्न करवाने के लिए भी आयोग ने निर्देश जारी किए हैं। चुनाव प्रचार के दौरान आपत्तिजनक एसएमएस भेजने वालों पर भी टीम की कड़ी नजर रहेगी। आपत्तिजनक एसएमएस की जांच के दौरान एसएमएस भेजने वाले का पता लगाकर उसके खिलाफ नियमानुसार उचित कार्रवाई की जाएगी।

# देश को विकसित बनाने के लिए फिर से चुनें मोदी सरकार : सुमन सैनी

## करनाल में सीएम नायब सिंह सैनी की धर्मपत्नी ने चुनाव प्रचार कार्यक्रमों में की शिरकत

सिटी दर्पण
करनाल



हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की धर्मपत्नी सुमन सैनी ने शुक्रवार को करनाल में दर्जनों चुनाव प्रचार कार्यक्रमों में शिरकत की और सभी से अपील की कि देश को विकसित बनाने के लिए तीसरी बार लगातार मोदी सरकार चुनें। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का सपना देश को 2047 तक विकसित बनाने का है। इस सपने को साकार करने के लिए देश के हर व्यक्ति का सहयोग जरूरी है। माडल टाउन में सिकंदर सलमानी की ओर से आयोजित कार्यक्रम में सुमन सैनी का जोरदार स्वागत किया गया। मुस्लिम समाज के लोगों ने सुमन सैनी का स्वागत किया और वोट देने का वादा किया। सुमन सैनी ने कहा कि हिंदू मुस्लिम, सिख ईसाई आपस में सब भाई-भाई। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश में भाईचारे की मिसाल कायम की है। हर वर्ग का सम्मान बढ़ाया है। मुस्लिम समाज मोदी जी के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ा है। इसके अलावा सुमन सैनी आरके पुरम पार्ट-2 में धर्मपाल सैनी, सेक्टर-13 में गौरव गोयल द्वारा आयोजित कार्यक्रम में भी पहुंची और करनाल लोकसभा से भाजपा प्रत्याशी मनोहर लाल और करनाल विधानसभा उप चुनाव में भाजपा प्रत्याशी नायब सिंह सैनी के लिए मतदान की अपील की।

सुमन सैनी ने कार्यक्रम में मौजूद लोगों से कहा कि वह उन्हें भाजपा उम्मीदवारों को वोट डालने का न्यौता देने आई हैं। शगुन के रूप में 25 मई को मतदान जरूर करना। कार्यकर्ता स्वयं को पीएम और सीएम समझकर घर-घर जाकर वोट की अपील करें। सबको मोदी जी की ओर से राम-राम कहें। उन्होंने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री एवं करनाल लोकसभा से भाजपा प्रत्याशी मनोहर लाल व करनाल विधानसभा उपचुनाव प्रत्याशी नायब सिंह सैनी को सबसे अधिक वोट से जितवाना है। इस अवसर पर पिछड़ा वर्ग कल्याण निगम की चेयरपर्सन निर्मला बैरागी, पूर्व मेयर रेणु बाला गुप्ता, रेखा आनंद, मीना कांबोज, मीनाक्षी, राजेश सैनी, वाजिद अली, मोहन लोधी व साहिल मदान सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

## संक्षिप्त-समाचार

### करनाल में 7 लाख 60 हजार 785 मीट्रिक टन गेहूं की आवक : उपायुक्त उत्तम सिंह

करनाल। उपायुक्त उत्तम सिंह ने बताया कि जिला की मंडियों में गेहूं की आवक शुरू हो चुकी है। इसके दृष्टिगत जिला प्रशासन द्वारा खरीद के सभी आवश्यक प्रबंध पहले से ही किए जा चुके है। गत दिवस तक जिला की मंडियों व विभिन्न खरीद केंद्रों पर 7 लाख 60 हजार 785 मीट्रिक टन गेहूं की आवक हुई, जिसे सरकारी खरीद एजेंसियों द्वारा खरीदा गया। एजेंसियों को उठान कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने बताया कि जिला की विभिन्न मंडियों एवं खरीद केंद्रों पर गत दिवस तक 7 लाख 60 हजार 785 मीट्रिक टन गेहूं की आवक हुई। इसमें से खाद्य एवं आपूर्ति विभाग द्वारा 2 लाख 95 हजार 317 मीट्रिक टन, हैफेड द्वारा 3 लाख 90 हजार 434 मीट्रिक टन तथा हरियाणा वेयर हाऊस कार्पोरेशन द्वारा 66 हजार 481 मीट्रिक टन गेहूं की खरीद की गई। व्यापरियों द्वारा 8 हजार 553 मीट्रिक टन गेहूं खरीदा गया। उपायुक्त ने किसानों से अपील की है कि क्रमानुसार ही गेहूं को मंडी में लेकर आएं ताकि एजेंसियों एवं आढ़तियों को खरीद में कोई परेशानी ना हो। उन्होंने यह भी अपील की कि खेतों में फसल कटाई के बाद फानों में आग न लगाएं। आग लगाने से प्रदूषण को बढ़ावा मिलता है और जमीन की उर्वरा शक्ति भी कम होती है। साथ ही फसलों के मित्र कीट भी नष्ट होते है।

### भाविप ने स्कूल के खिलाड़ियों को 10 गद्दे किए भेंट



लाडवा। भारत विकास परिषद लाडवा द्वारा शहर की प्राइम हल्कलाइन वाटर के फ्रेंचाइजी सिद्धांत बंसल के सौजन्य से गांव बड़ौंदी के राजकीय माध्यमिक विद्यालय में जूडो खिलाड़ियों के लिए 10 गद्दे भेंट स्वरूप दिए। परिषद के प्रधान नवनीत सिंगला ने बताया कि स्कूल में जूडो नामक खेल सिखाया जाता है। जिसका अभ्यास एक विशेष प्रकार की गद्दों पर किया जाता है। जो उनके पास नहीं थे। उन्होंने परिषद के सदस्य नरेश बंसल के माध्यम से परिषद से गद्दों बारे प्रार्थना की। जिस पर परिषद ने प्राइम अल्कलाइन वॉटर फर्म के सौजन्य से स्कूल के खिलाड़ियों के लिए 10 गद्दे भेंट स्वरूप प्रदान किए । जिस पर खिलाड़ियों में काफी उत्साह देखने को मिला। वही स्कूल के प्रिंसिपल सुदर्शन कुमार, पीटीआई मनोज एवं कविता कुमारी ने परिषद का धन्यवाद व आभार व्यक्त किया। परिषद के सचिव हेमंत कुमार सैनी ने बताया कि परिषद वर्ष 2000 से ही निरंतर लाडवा के सभी वर्गों के लिए सामाजिक कार्य कर रही है। उन्होंने बताया कि यह संस्था एक राष्ट्रीय स्तर की संस्था है। इस अवसर पर परिषद के नरेश बंसल, नवनीत सिंगला, हेमंत कुमार सैनी, तिलक राज गुप्ता, प्रांतीय उपाध्यक्ष सेवा अरविंद सिहल सहित अन्य पदाधिकारी व स्कूल स्टाफ सदस्य भी उपस्थित रहे।

### कृपा सांवरे की परिवार भिवानी द्वारा श्रीश्याम कृपा महोत्सव 8 को

भिवानी। कृपा सांवरे की परिवार भिवानी द्वारा 8 मई को सांय 6 बजे स्थानीय लोहड़ चौपटा में श्रीश्याम कृपा महोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। यह जानकारी देते हुए कृपा सांवरे की परिवार भिवानी के प्रधान मनीष गोयल ने बताया कि कार्यक्रम में बतौर पूर्व मंत्री एवं विधायक घनश्याम सर्राफ एवं विशिष्ट अतिथि नगर परिषद चेयरपर्सन प्रतिनिधि भवानी प्रताप ने शिरकत की। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम में चैतन्य दाधिच जयपुर, आयुष सोमानी जयपुर, निखिल अग्रवाल भिवानी भजनों के माध्यम से श्रीश्याम की महिमा का गुणगान करेंगे। उन्होंने बताया कि छोटी काशी के नाम से विख्यात भिवानी में समय-समय पर धार्मिक कार्यक्रमों के आयोजन होते है, जिनके आयोजन में कृपा सांवरे की परिवार भिवानी का विशेष योगदान रहता है। उन्होंने कहा कि यहां के लोग भी धार्मिक कार्यक्रमों के आयोजन में बढ़-चढकर भाग लेते हुए अपनी हाजिरी लगाते है। उन्होंने कहा कि धार्मिक कार्यक्रमों में भागीदारी करने से व्यक्ति का जीवन नियंत्रित रहता है तथा वह अनुशासन से पूर्ण रहता है। इसके साथ ही नकारात्मक विचार भी नष्ट होते है। इसीलिए प्रत्येक व्यक्ति को धार्मक कार्यक्रमों में बढ़-चढकर हिस्सा लेना चाहिए।

### कांग्रेस पूर्व सैनिक प्रकोष्ठ के भिवानी-महेंद्रगढ़ लोकसभा से आब्जर्वर बने सूबेदार मेजर बिरेंद्र ग्रेवाल

भिवानी। 25 मई को होने वाले लोकसभा चुनाव के लिए कांग्रेस द्वारा अपने संगठन मजबूती की दिशा में लगातार पदाधिकारियों की नियुक्तियां की जा रही है। इसी कड़ी में अब ऑल इंडिया कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार कांग्रेस पूर्व सैनिक प्रकोष्ठ के चेयरमैन सेवानिवृत्त कर्नल रोहित चौधरी ने कांग्रेस पूर्व सैनिक प्रकोष्ठ के विभिन्न लोकसभा के ऑब्वर्जर की नियुक्ति की है। जिसके तहत भिवानी-महेंद्रगढ़ लोकसभा क्षेत्र के ऑब्जर्वर की जिम्मेवारी सूबेदार मेजर बिरेंद्र सिंह ग्रेवाल बामला को मिली है। अपनी नियुक्ति पर सूबेदार मेजर बिरेंद्र सिंह ग्रेवाल बामला ने शीर्ष नेतृत्व का आभार जताते हुए कहा कि उन्हे जो जिम्मेवारी सौंपी गई है, उसका वे पूरी निष्ठा से निर्वहन करेंगे तथा कांग्रेस की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने के लिए और भी तेजी से कार्य करेंगे। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने अपने शासनकाल में पूर्व सैनिकों के हित में अनेकों योजनाएं लागू की थी, लेकिन भाजपा पूर्व सैनिकों के हितों पर कुठाराघात करने की बजाए कुछ नहीं कर रही। उन्होंने कहा कि उनके द्वारा पहले भी कई बार अग्निवीर योजना रद्द कर पक्की भर्ती किए जाने की मांग उठाती रही है, ताकि सेना में भर्ती होने वाले युवकों का स्वप्न पूरा हो सकें तथा उनके भविष्य से खिलवाड़ ना हो। इसके अलावा वे वन रैंक-वन पेंशन की मांग भी उठाते रहे है।

# बहुजन मुक्ति पार्टी की उम्मीदवार वर्षा सोलंकी ने भरा नामांकन पत्र

सिटी दर्पण
भिवानी



पिछड़ा वर्ग से जुड़े सैंकड़ों लोग बहुजन मुक्ति पार्टी की उम्मीदवार वर्षा सोलंकी का नामांकन पत्र दाखिल करवाने भिवानी से नारनौल रवाना हुए। इससे पूर्व स्थानीय दादरी गेट स्थित सुरेश प्रजापति के कार्यालय में बहुजन मुक्ति पार्टी के बैनर तले पिछड़ा वर्ग के लोगों की बैठक आयोजित हुई तथा वर्षा के समर्थन में जोर-शोर से प्रचार अभियान चलाने तथा भारी बहुमत से विजीय बनाने का आश्वासन दिया। बैठक को संबोधित करते हुए बहुजन मुक्ति पार्टी के प्रदेश वरिष्ठ उपाध्यक्ष सुरेश प्रजापति ने कहा कि भाजपा शासनकाल में प्रदेश का हर वर्ग सडकों पर रहा तथा अपने हकों की आवाज उठाता रहा, लेकिन भाजपा के जनप्रतिनिधि आमजन की समस्याओं का समाधान करवाने की बजाए चैन की नींद सोए रहे। उन्होंने कहा कि भाजपा शासनकाल में सबसे बुरा हाल तो पिछड़ा वर्ग का रहा। उन्होंने कहा कि भाजपा के शीर्ष नेता अबकी बार चुनाव जीतने पर संविधान में संशोधन व आरक्षण को खत्म करने की बात करते है, जिसे किसी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। ऐसे में अब जरूरी है कि पिछड़ा वर्ग के हितों की रक्षा के लिए पिछड़ा वर्ग से ताल्लुक रखने वाले उम्मीदवार को लोकसभा में भेजा जाए। उन्होंने कहा कि देश की तरक्की एवं उत्थान के लिए समाज के ईमानदार व्यक्तियों को आगे आने की जरूरत है। इस मौके पर बहुजन मुक्ति पार्टी की उम्मीदवार वर्षा सोलंकी ने कहा कि वे भिवानी-महेंद्रगढ़ लोकसभा क्षेत्र के विकास के मुद्दों को भली प्रकार से जानती व समझती है। जिनके समाधान के लिए वे हर संभव प्रयास करेंगी। उन्होंने कहा कि भाजपा व कांग्रेस दोनों ही पार्टियां एक-दूसरे का डर दिखाकर जनता को बरगला रहे है, जबकि दोनों ही एक ही सिक्के के पहलू है तथा आमजन को लूटने की योजनाएं बनाने में माहिर है।

# निपुण मिशन के माध्यम से हम वापिस अपने जड़ों की ओर लौट रहे हैं : बृजेश

सिटी दर्पण
करनाल



पीएम श्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय करनाल में तीसरे चरण के 5 समूहों में जिला शिक्षा अधिकारी सुदेश ठुकराल के मार्गदर्शन में जिला एफएलएन कोर्डिनेटर विपिन कुमार के नेतृत्व में 200 प्राथमिक अध्यापक प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं। नोडल अधिकारी बृजेश ने अध्यापकों को संबोधित करते हुए कहा कि एफएलएन प्रशिक्षण के माध्यम से हम वापिस अपने जड़ों की ओर लौट रहे हैं। हर बच्चा बुनियादी शिक्षा और गणना ज्ञान में निपुण बनेगा। नोडल अधिकारी बीईओ सीमा मदान ने कहा कि एफएलएन के तहत बच्चों को खेल खेल में अक्षर ज्ञान व कविताओं के माध्यम से बच्चों की तीव्र गति से बौद्धिक क्षमता बढ़ती है। गणित के मास्टर ट्रेनर रीना और बलजीत बच्चों को गिनती, जोड़, घटा, गुणा, भाग को खेल विधि से कराया। अध्यापकों को बताया कि गणित विषय की रोचक गतिविधियों के माध्यम से आसानी से सिखाया जा सकता है। अंग्रेजी की मास्टर ट्रेनर नीटू कांबोज और नेहा ने कक्षा चौथी और पांचवीं में एडवांस अंग्रेजी कार्यक्रम के बारे में विस्तार से बताया। अंग्रेजी विषय के एडवांस कार्यक्रम के 6 चरणों का अनुसरण करते हुए बच्चों को अंग्रेजी पढ़ाने के ढंग बताए। इस अवसर पर जिला एफएलएन कोर्डिनेटर विपिन कुमार, बीईओ सीमा मदान, डाइट से नोडल अधिकारी बृजेश सिंह, ब्लॉक कोर्डिनेटर गीता, अनूप सिंह, मास्टर ट्रेनर नीतू कांबोज, नेहा, बलजीत, रीना, दलीप सिंह, ईशा चौधरी, रेनू, हेमा, मीना, एबीआरसी अराधना, विजय, आशा, विनोद, मंजीत सिंह, हवा सिंह, स्वाति, डिंपल, पूनम, बारू राम, नीतू कांबोज व नेहा सहित अन्य मौजूद रहे।

# अधिकारी सरकार और जनता के बीच सेतु का काम करते हैं: सुशील जैन

सिटी दर्पण
करनाल




हरियाणा राज्य औद्योगिक विकास निगम के महाप्रबंधक विनीत भाटिया और उप प्रबंधक राजबीर सिंह को उनकी साढ़े तीन दशक की सेवाओं के लिए सम्मानित किया गया। आज उनके सम्मान में कार्यक्रम हरियाणा चैंवर आफ कामर्स, एचएसआईडीसी वैलफेयर ऐसोसिएशन, काइमा, इंडस्टीज एसोसिएशन, हरियाणा राइस मिलर्स ऐसोसिएशन ने आयोजित किया। कार्यक्रम में दोनों अधिकारियों की सेवा को सराहा गया। कार्यक्रम में मुख्य रुप से बोलते हुए हरियाणा चैंवर आफ कामर्स के अध्यक्ष सुशील जैन ने कहा कि सरकार और उद्योगपतियों के बीच अधिकारी सेतु काम करते हैं। विनीत भाटिया ने हमेशा अपने काम को बखूबी से किया हैं। उन्होंने कहा कि करनाल में वह लंबे समय तक रहे उसाके बाद भी वह सबकी पसंद हैं। इस अवसर पर उद्योगपति भूषण गोयल, काइमा के रविंद्र ढल, काइमा के इंद्रपाल सिंह हरप्रीत हैप्पी, रवि वेरी आरएल शर्मा, मनोज अरोड़ा, सुरेंद्र जैन वरिंद्र चौपड़ा, वरिंद्रर सिंह, भावुक मैहता, श्री सचदेवा, ने दोनों अधिकारियों की सराहना की। इस अवसर पर वनीत भाटिया और रजवीर सिंह को सम्मनित किया गया। उन्हें पगड़ी पहनाई गई। इस अवसर पर सारिका भाटिया चेरिटेबल ट्रस्ट द्वारा संचालित मिल सुर हमारा तुम्हारा के कलाकारों ने गीतों से भरा गुलदस्ता प्रस्तुत किया। इसका संयोजन सोनिया चौपड़ा ने किया। गीतों को आवज वनीत भाटिया, अनिरुद्ध कालड़ा राजेश भाटिया, मित्तल नरेंद्र अरोड़ा अनिल भाटिया सहित अन्य कलाकारों ने किया।

## खेलकूद

### हिमाचल को हराकर हरियाणा की टीम बढ़ी जीत की ओर, दीपक रहे मैन ऑफ द मैच

# दो दिवसीय प्रथम स्व. अमित सिंगला मैमोरियल दिव्यांग टी-20 नेशनल क्रिकेट प्रतियोगिता का आगाज

सिटी दर्पण
भिवानी



क्योरटेक ग्रुप के संस्थापक स्व. अमित सिंगला की याद में बद्दी यूनिवर्सिटी प्रांगण स्थित एकलव्य क्रिकेट अकादमी में दो दिवसीय प्रथम स्व. अमित सिंगला मैमोरियल दिव्यांग टी-20 नेशनल क्रिकेट प्रतियोगिता का आगाज शुक्रवार से हुआ। इस प्रतियोगिता में हिमाचल, हरियाणा एवं उत्तराखंड राज्यों के दिव्यांग खिलाड़ी भाग ले रहे है तथा अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन कर रहे है। प्रतियोगिता में बतौर मुख्यअतिथि के तौर पर उद्योग विभाग के उपनिदेशक योगेश गुप्ता पहुंचे तथा खिलाडियों का उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम का आयोजन सुमिल सिंगला की देखरेख में किया जा रहा है। मैच की जानकारी देते हुए फिजिकल चैलेंज्ड क्रिकेट एसोसिएशन ऑफ इंडिया (पीसीसीएआई) के अध्यक्ष सुरेंद्र लोहिया एवं उपाध्यक्ष रमेश सैनी ने बताया कि शुक्रवार को पहला मैच हरियाणा व हिमाचल प्रदेश की टीमों के बीच खेला गया। जिसमें हरियाणा की टीम ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला लिया। हिमाचल ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ऑवरों में 9 विकेट के नुकसान पर 158 रनों का लक्ष्य रखा। हिमाचल की तरफ से अजय ठाकुर ने 47 तथा अंकित चंदेल ने 43 रन बनाएं। हरियाणा के गेंदबाज मोनू ने 3 तथा रोहित ने 2 विकेट लिए। हरियाणा ने 5 विकेट के नुकसान पर 15.1 ऑवर में ही लक्ष्य को हासिल कर लिया। हरियाणा के बालेबाज मनीष और दीपक ने 55-55 रन बनाए तथा हिमाचल के गेंदबाज अनिल और अजय ने 2-2 विकेट लिए। इस मैच के मैन ऑफ दा मैच दीपक रहे। इस मौके पर उद्योग विभाग के उपनिदेशक योगेश गुप्ता, पीसीसीएआई के अध्यक्ष सुरेंद्र लोहिया व उपाध्यक्ष रमेश सैनी ने बताया कि अपनी प्रतिभा के दम पर दिव्यांगजनों ने उनके प्रति समाज की दयाभाव की सोच को बदलने का काम किया है।

उन्होंने कहा कि आज दिव्यांग हर क्षेत्र में अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन करते हुए समाज की मुख्य धारा से जुडकर राष्ट्र का नाम रोशन कर रहे है। उन्होंने कहा कि भारत की दिव्यांग क्रिकेट टीम अपनी प्रतिभा के झंडे गाडने में लगी है, जिसके चलते देश में अंतर्राष्ट्रीय स्तर की दिव्यांग क्रिट प्रतियोगिताएं आयोजित भी हुई है।




## संपादकीय — राजस्व कर



वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) से हासिल होने वाला राजस्व अप्रैल महीने में पहली बार दो लाख करोड़ रुपये के आंकड़े को पार कर गया। अप्रैल का महीना आम तौर पर सबसे अधिक जीएसटी देने वाला होता है क्योंकि इसमें मार्च महीने में की गई गतिविधियों के लिए भुगतान किए गए कर शामिल होते हैं। मार्च वह महीना होता है जब करदाता साल-भर के अपने बही-खाते को बंद करते हैं, कर दाखिल करने की समय सीमा को पूरा करने के लिए दौड़ लगाते हैं और चूक या व्याख्या संबंधी मतभेदों की वजह से राजस्व विभाग द्वारा मांगी गई बकाया राशि को चुकता करने के लिए समायोजन करते हैं। कुल 2.1 लाख करोड़ रुपये से थोड़ा ज्यादा सकल राजस्व के साथ पिछले महीने का जीएसटी संग्रह अप्रैल 2023 के 1.87 लाख करोड़ रुपये के संग्रह, जोकि ताजा आंकड़ों के आने से पहले सबसे ज्यादा मासिक प्राप्ति थी, से 12.4 फीसदी ज्यादा था। साल के अंत के प्रभाव को छोड़कर, बाद के महीनों में चूंकि राजस्व मध्यम हो जाएगा, इसलिए दो लाख करोड़ रुपये का आंकड़ा अभी मासिक जीएसटी संग्रह के लिए नया सामान्य मानक नहीं हो सकता। हालांकि, यह मानते हुए कि अर्थव्यवस्था की वर्तमान रफ्तार जारी है और जीएसटी राजस्व वृद्धि पिछले साल की 11 फीसदी - 12 फीसदी की सीमा में बनी हुई है, पिछले अप्रैल का 1.87 लाख करोड़ रुपये का उच्चतम आंकड़ा इस साल का मासिक औसत हो सकता है। ध्यान रहे कि पिछले साल औसत मासिक राजस्व 1.68 लाख करोड़ रुपये था और साल शुरू होने से पहले, सबसे ज्यादा मासिक संग्रह अप्रैल 2022 में 1,67,540 करोड़ रुपये रहा था।

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमन ने एक मजबूत अर्थव्यवस्था और कुशल संग्रह को श्रेय देते हुए, पिछले महीने के दो लाख करोड़ रुपये से ज्यादा के जीएसटी राजस्व को एक 'मील का पत्थर' करार दिया है। इससे केंद्र की कुछ साल पहले की इस आशय की तमाम चिंताएं दूर हो जानी चाहिए कि जीएसटी व्यवस्था, जो अब 82 महीने पुरानी हो गई है, से मिलने वाला लाभ बहुत कम रहा है। इसमें कोई दो राय नहीं कि फर्जी चालान जैसी धोखाधड़ी के खिलाफ निरंतर कार्रवाई और सख्त अनुपालन मानदंडों ने राजस्व बढ़ाने में मदद की है। केंद्रीय जीएसटी राजस्व के पिछले साल के लक्ष्यों से ज्यादा होने के चलते 2024-25 के लिए अंतरिम बजट में निर्धारित लक्ष्यों को पूरा करने के लिए अब 10 फीसदी से कम राजस्व वृद्धि की जरूरत है। अगली सरकार के लिए आसान काम पूर्ण बजट में राजस्व लक्ष्य को ऊंचा करना होगा। चूंकि अब राजस्व संबंधी चिंताएं अपेक्षाकृत कम हो गई हैं, ज्यादा महत्वपूर्ण जरूरत जीएसटी के दायरे के विस्तार की योजना बनाना तथा उसे क्रियान्वित करना और इसकी जटिल दर संरचना में फेरबदल करने के बहुप्रतीक्षित काम में तेजी लाना है ताकि इसे उपभोक्ताओं और निवेशकों के लिए वास्तव में सरल कर बनाया जा सके। वैसे, भाजपा का चुनाव घोषणापत्र, जोकि जीएसटी को लागू करने का श्रेय लेता है, सिर्फ छोटे व्यवसायों के इस्तेमाल के लिए इसके पोर्टल को सरल बनाने का वादा करता है। कांग्रेस ने कुछ अपवादों के साथ एकल, मध्यम कर दर को अपनाने, कृषि लागत (इनपुट) पर कोई शुल्क नहीं लगाने और पंचायतों व नगर पालिकाओं के साथ राजस्व साझा करने का आश्वासन दिया है। सत्ता में चाहे जो कोई भी बैठे, उसके एजेंडे में सभी हितधारकों के परामर्श से लैस चुस्त जीएसटी सुधारों को सबसे ऊपर रखने की जरूरत है ताकि उपभोग को रोकने वाली विसंगतियों को ठीक किया जा सके और निवेश एवं विकास के अगले अच्छे चक्र की नींव रखी जा सके।

## आज का राशिफल

| | |
|---|---|
|  | **मेष:** दूसरों के लिए खराब नीयत रखना मानसिक तनाव को जन्म दे सकता है। इस तरह के विचारों से बचें, क्योंकि ये समय की बबार्दी करते हैं और आपकी क्षमताओं को खत्म करते हैं। आप ऐसे स्रोत से धन अर्जित कर सकते हैं, जिसके बारे में आपने पहले सोचा तक न हो। |
|  | **वृषभ:** अपने दफ़्तर से जल्दी निकलने की कोशिश करें और वे काम करें जिन्हें आप वाकई पसंद करते हैं। आज आप अपने घर के वरिष्ठ जनों से पैसे की बचत करने को लेकर कोई सलाह ले सकते हैं और उस सलाह को जिंदगी में जगह भी दे सकते हैं। घर में उल्लास का माहौल आपके तनावों को कम कर देगा। |
|  | **मिथुन:** पेचीदा हालात में फँसने पर घबराएँ नहीं। जैसे खाने में थोड़ा-सा तीखापन उसे और भी लजीज बना देता है, उसी तरह ऐसी परिस्थितियाँ आपको खुशियों की सही कीमत बताती हैं। अपना मूड बदलने के लिए किसी सामाजिक आयोजन में शिरकत करें। |
|  | **कर्क:** ऊर्जा और उत्साह का अतिरेक आपको घेर लेगा और आप सामने आने वाले सभी मौकों का भरपूर फायदा उठाएंगे। अपने गुस्से पर काबू रखें और ऑफिस में सबके साथ ढ़ग से व्यवहार करें अगर आप ऐसा नहीं करते तो आपकी जॉब जा सकती है और आपकी आर्थिक स्थिति खराब हो सकती है। |
|  | **सिंह:** आपकी ओर से समर्पित दिल और बहादुरी का जज्बा आपके जीवन-साथी को खुशी दे सकता है। लम्बे समय से अटके मुआवजे और कर्ज आदि आखिरकार आपको मिल जाएंगे। आपके बच्चे के पुरुस्कार वितरण समारोह का बुलावा आपके लिए खुशनुमा एहसास रहेगा। |
|  | **कन्या:** आपकी सबसे बड़ी पूंजी आपकी हँसने-हँसाने की शैली है, अपनी बीमारी को ठीक करने के लिए इसका उपयोग करके देखें। वैसे तो अपना पैसा दूसरे को देना किसी को पसंद नहीं आता लेकिन आज आप किसी जरुरतमंद को पैसा देकर सुकून का अनुभव करेंगे। |
|  | **तुला:** आज आप उम्मीदों की जादुई दुनिया में हैं। धन आपके लिए जरुरी है लेकिन धन को लेकर इतने संजीदा न हो जाएं कि अपने रिश्तों को ही खराब कर दें। दोस्त शाम के लिए कोई बढ़िया योजना बनाकर आपका दिन खुशनुमा कर देंगे। रोमांचक दिन है, क्योंकि आपके प्रिय का फोन आएगा। |
|  | **वृश्चिक:** आज आप खेल-कूद में हिस्सा ले सकते हैं, जो आपको तन्दुरुस्त बनाए रखेगा। दिन चढ़ने पर वित्तीय तौर पर सुधार आएगा। कुछ लोग जितना कर सकते हैं, उससे कई ज्यादा करने का वादा कर देते हैं। ऐसे लोगों को भूल जाएँ जो सिर्फ गाल बजाना जानते हैं और कोई परिणाम नहीं देते। |
|  | **धनु:** मजबूती और निडरता का गुण आपकी मानसिक क्षमताओं में इजाफा करेगा। किसी भी तरह के हालात को काबू में रखने के लिए इस रफ़्तार को बरकरार रखिए। आपके पिता की कोई सलाह आज कार्यक्षेत्र में आपको धन लाभ करा सकती है। घर का कुछ समय से टलता आ रहा काम-काज आपका थोड़ा वक़्त ले सकता है। |
|  | **मकर:** आपका उदार स्वभाव आज आपके लिए कई खुशनुमा पल लेकर आएगा। पैसा अचानक आपके पास अएगा, जो अपके खर्चों और बिल आदि को सम्हाल लेगा। ऐसे विवादास्पद मुद्दों पर बहस करने से बचें, जो आपके और प्रियजनों के बीच गतिरोध पैदा कर सकते हैं। |
|  | **कुंभ:** आपमें आज चुस्ती-फुर्ती देखी जा सकती है। आपका स्वास्थ्य आज पूरी तरह से आपका साथ देगा। घर में किसी फंक्शन के होने की वजह से आज आपको बहुत धन खर्च करना पड़ेगा जिसके कारण आपकी आर्थिक स्थिति खराब हो सकती है। आपका लापरवाह रवैया आपके माता-पिता को दुःखी कर सकता है। |
|  | **मीन:** आज आप उम्मीदों की जादुई दुनिया में हैं। धन का आगमन आज आपको कई आर्थिक परेशानियों से दूर कर सकता है। घर पर कोशिश करें कि कोई आपकी वजह से आहत न हो और परिवार की जरूरतों के मुताबिक खुद को ढालें। आज प्यार के नजरिए से दिन काफी विवादास्पद रहेगा। |

# शीघ्र विवाह के लिए कुंवारी लड़कियां करें इन मंत्रों का जप, मिलेगा मनचाहा वर



ज्योतिषियों की मानें तो कुंडली में गुरु और शुक्र ग्रह के कमजोर होने पर शादी में बाधा आती है। कुंडली में दोष लगने पर निवारण अनिवार्य होता है। अगर आपकी शादी में भी किसी न किसी वजह से बाधा आ रही है या शादी तय होने के बाद टूट जा रही है तो गुरुवार के दिन विधि-विधान से भगवान विष्णु की पूजा करें। सनातन धर्म में गुरुवार के दिन जगत के पालनहार भगवान विष्णु की पूजा की जाती है। साथ ही मनचाहा वर पाने हेतु गुरुवार का व्रत रखा जाता है। इस व्रत के पुण्य-प्रताप से विवाहित महिलाओं को सुख और सौभाग्य की प्राप्ति होती है। वहीं, अविवाहित लड़कियों की शीघ्र शादी के योग बनते हैं। ज्योतिषियों की मानें तो कुंडली में गुरु और शुक्र ग्रह के कमजोर होने पर शादी में बाधा आती है। इसके अलावा, कुंडली में अन्य ग्रहों का भी विचार किया जाता है। कुंडली में दोष लगने पर निवारण अनिवार्य होता है। अगर आपकी शादी में भी किसी न किसी वजह से बाधा आ रही है या शादी तय होने के बाद टूट जा रही है, तो गुरुवार के दिन विधि-विधान से भगवान विष्णु की पूजा करें। साथ ही पूजा के समय इन मंत्रों का जप करें। इन मंत्रों के जप से शीघ्र विवाह के योग बनने लगते हैं।

### शीघ्र विवाह के मंत्र

1. ॐ देवेन्द्राणि नमस्तुभ्यं देवेन्द्रप्रिय भामिनि।
विवाहं भाग्यमारोग्यं शीघ्रलाभं च देहि मे ॥

2. ॐ शं शंकराय सकल जन्मार्जित पाप विध्वंस नाय पुरुषार्थ
चतुस्टय लाभाय च पतिं मे देहि कुरु-कुरु स्वाहा ।।

3. हे गौरी शंकरार्धांगि ।यथा त्वं शंकरप्रिया ।
तथा माँ कुरु कल्याणि ।कान्त कांता सुदुर्लभाम्।।

4. ॐ कात्यायनि महामाये महायोगिन्यधीस्वरि ।
नन्दगोपसुतं देवि पतिं मे कुरु ते नमः ।।

5. मङ्गलम् भगवान विष्णुः, मङ्गलम् गरुणध्वजः।
मङ्गलम् पुण्डरी काक्षः, मङ्गलाय तनो हरिः॥

6. शांताकारम भुजङ्गशयनम पद्मनाभं सुरेशम।
विश्वाधारं गगनसदृश्यं मेघवर्णम शुभांगम।

लक्ष्मी कान्तं कमल नयनम योगिभिर्ध्यान नगम्यम।
वन्दे विष्णुम भवभयहरं सर्व लोकेकनाथम।

7. क्लीं कृष्णाय गोविंदाय गोपीजनवल्लभाय स्वाहा
8. ॐ सृष्टिकर्ता मम विवाह कुरु कुरु स्वाहा
9. ॐ श्रीं वर प्रदाय श्री नमः
10. ॐ बृं बृहस्पतये नमः
ॐ क्लीं बृहस्पतये नमः
ॐ ग्रां ग्रीं ग्रौं सः गुरवे नमः
ॐ ऐं श्रीं बृहस्पतये नमः
ॐ गुं गुरवे नमः

# महाभारत के कर्ण से जुड़ी ये बातें नहीं जानते होंगे आप

कर्ण महाभारत काल के प्रमुख पात्रों में से एक है। कर्ण महाभारत के सर्वश्रेष्ठ धनुर्धारियों में से भी एक हैं। यह बात को अधिकतर लोग जानते हैं कि कर्ण छ पांडवों में सबसे बड़े भाई थे लेकिन पांडवों की माता कुंती ने ये बात सभी से छुपाई थी जिस कारण कर्ण को उपेक्षा का शिकार होना पड़ा। उन्हें महाभारत के युद्ध में अर्जुन की टक्कर का योद्धा माना जाता है। महाभारत एक ऐसा ग्रंथ हैं, जो मनुष्य को सिखाता है कि जीवन में कौन-सी गलतियां नहीं करनी चाहिए। महाभारत काल के प्रमुख पात्रों में से एक कर्ण की श्रेष्ठता को भगवान परशुराम ने भी स्वीकार किया। कर्ण को दानवीर कर्ण के नाम से भी जाना जाता है। ऐसे में आइए जानते हैं कर्ण से जुड़ी कुछ ऐसी बातें, जिन्हें कम ही लोग जानते होंगे।



### कर्ण का परिवार

बहुत कम ही लोग यह जानते होंगे कि कर्ण का विवाह हुआ था। कर्ण की एक नहीं बल्कि दो पत्नियां थीं। कर्ण की पहली पत्नी का नाम वृषाली था और दूसरी पत्नी का नाम सुप्रिया। दोनों पत्नियों से कर्ण की नौ संतानें हुईं।

### मांगे ये वरदान

एक बार भगवान कृष्ण ने कर्ण की दानशीलता की परीक्षा लेनी चाही। तब उन्होंने कर्ण के अंतिम समय में उससे सोने का दान मांगा। तब कर्ण के पास केवल सोने के दांत ही थे, तो उसने अपने सोने के दांत तोड़कर भगवान कृष्ण को अर्पण कर दिए। इस दानवीरता से प्रसन्ना होकर भगवान कृष्ण ने कर्ण को वरदान मांगने को कहा।
तब कर्ण ने वरदान मांगा कि मेरे वर्ग में जन्मे लोगों का कल्याण हो। दूसरे वरदान रूप में भगवान कृष्ण को अपने राज्य में जन्म लेने को कहा और तीसरा वरदान यह मांगा कि मेरा अंतिम संस्कार ऐसा कोई व्यक्ति करें, जो पाप मुक्त हो। भगवान कृष्ण ने कर्ण के सभी वचन मानते हुए स्वयं उसका अंतिम संस्कार किया।

### पिछले जन्म की कथा


कर्ण पूर्वजन्म में एक असुर राजा दंभोद्भवा था, जो सूर्यदेव के परम भक्त था। सूर्य देव की भक्ति के कारण ही वह अगले जन्म में कवच और कुंडल के साथ, कर्ण के रूप में पैदा हुए थे। लेकिन अपने पूर्व जन्म के कारण ही उन्हें जीवनभर यातनाएं भोगनी पड़ी। कथा के अनुसार, दंभोद्भवा को यह वरदान मिला हुआ था कि उसका वध वही कर सकता है, जिसने एक हजार साल तप किया हो। नर और नारायण भगवान विष्णु के अंशावतार थे। जब दुरदुम्भ को यह पता चला कि नर-नारायण एक हजार साल से तपस्या कर रहे हैं, तो उसे अपनी मृत्यु का भय सताने लगा।

तब नर और नारायण ने बारी-बारी से तपस्या करके दंभोद्भवा के कवच को 999 कवच तोड़ा। जब एक कवच बच गया तो असुर सूर्य लोक में जाकर छुप गया। तब नर और नारायण ने उसे ये श्राप दिया कि अगले जन्म में भी तेरा इसी कवच के साथ जन्म होगा, लेकिय यह भी तेरी मृत्यु से रक्षा नहीं कर सकेगा।

# बेहद प्रसिद्ध व पवित्र हैं बनारस के ये घाट, दर्शन मात्र से मिट जाते हैं सभी पाप

भगवान शिव की नगरी काशी गंगा नदी के तट पर स्थित है। यह एक ऐतिहासिक शहर है, जो हिंदुओं के लिए बहुत महत्व रखता है। इस पवित्र शहर में शिव जी के 12 ज्योतिलिंगों में से एक काशी-विश्वनाथ विराजमान हैं। ऐसा माना जाता है कि वाराणसी में मरने से मोक्ष की प्राप्ति होती है। साथ ही अगला जन्म शिव जी के चरणों में बीतता है। इसके अलावा यहां कई घाट हैं, जिसमें स्नान और दर्शन किए जाते हैं। अगर आप इस नगरी में जाते हैं, तो आपको इन घाटों के दर्शन जरूर करने चाहिए, तो आइए उनके नामों को जानते हैं -

### दशाश्वमेध घाट



दशाश्वमेध घाट वाराणसी का प्रमुख घाट है। यह विश्वनाथ मंदिर के नजदीक स्थित है और सबसे अद्भुत घाट माना जाता है। यहां की जाने वाली गंगा आरती कुछ ऐसी है, जिसे आपको अवश्य देखना चाहिए। ऐसा कहा जाता है कि इस घाट पर आकर भगवान शिव का ध्यान करना शुभ माना जाता है। साथ ही इसके दर्शन का भी विशेष महत्व है।

### अस्सी घाट




अस्सी घाट वाराणसी का सबसे दक्षिणी घाट है। यह गंगा और अस्सी नदियों के संगम पर स्थित है। अस्सी घाट की आरती लोगों के लिए बहुत महत्व रखती है। यही कारण है कि लोग इसके दर्शन और आरती में शामिल होने के लिए आते हैं। कहा जाता है कि जो लोग इस घाट के दर्शन करते हैं उन्हें अक्षय फलों की प्राप्ति होती है।

### तुलसी घाट



तुलसी घाट का नाम तुलसीदास के नाम पर रखा गया है, जो रामचरितमानस लिखते समय वहां रहते थे। पहले इसे लोलार्क घाट के नाम से जाना जाता था। इस घाट के दर्शन से ज्ञान की प्राप्ति होती है।

### ललिता घाट



ललिता घाट पर पशुपतिश्वर का मंदिर स्थापित है। ऐसा कहा जाता है कि जो भक्त इस घाट के दर्शन करते हैं उन्हें भगवान शिव का आशीर्वाद सदैव के लिए प्राप्त होता है। इसके अलावा शिवलोक की प्राप्ति होती है।

# तुलसी के पत्तों के इस उपाय से बदल सकती है आपकी किस्मत, नहीं होगी धन की कमी

घर में तुलसी का पौधा रखने से आर्थिक तंगी दूर होती है। शास्त्रों में इसे देवी लक्ष्मी का रूप माना जाता है। तुलसी के पौधे की नियमनुसार पूजा करने से वास्तु दोष भी दूर होता है। हिंदू धर्म में तुलसी के पौधे को बहुत पवित्र माना जाता है। त्योहारों में इनकी पूजा करने से घर में लक्ष्मी जी का वास होता है। ऐसी मान्यता है जिस घर में तुलसी का पौधा होता है, वहां हमेशा देवी मां की कृपा बनी रहती है। बता दें, भगवान विष्णु के अलावा श्रीकृष्ण और हनुमान जी को भी तुलसी अति प्रिय है। तुलसी न केवल धार्मिक दृष्टि से फलदायी है बल्कि इसे स्वास्थ्य के लिए भी लाभदायक माना जाता है। इसमें मौजूद औषधीय गुण शरीर के लिए फायदेमंद होते हैं। तुलसी की पत्तियों से जुड़ें उपाय जीवन की राह बदलने के काम करते हैं। दरअसल, तुलसी की पत्तियों के उपाय करने से तरक्की के योग बनते हैं। साथ ही कई अन्य लाभ भी जातक को मिलते हैं। इसी कड़ी में आइए इससे मिलने वाले अन्य लाभ के बारे में भी जान लेते हैं।

### तुलसी की पत्तियों के उपाय

- शुक्रवार के दिन तुलसी के पौधे से 11 पत्तियां तोड़कर आटे के डिब्बे में डाल दें। मान्यता है कि इससे अन्न की कमी नहीं होती है। साथ ही घर परिवार में बरकत होती है।
- अगर आप आर्थिक समस्या से परेशान हैं, तो तुलसी के पत्तों को किसी लाल रंग के कपड़े में बांधकर रख दें। बाद में इसे अपने पर्स या अलमारी में किसी जगह रख दें। ऐसा करने से घर में धन की आवक बढ़ती है।
- गुरुवार के दिन तुलसी की पत्तियों को भगवान विष्णु जी को अर्पित कर दें। बाद में इन्हें पीले रंग के कपड़े में बांधकर अलमारी में रख दें। इससे मां लक्ष्मी की कृपा बनी रहेगी।
- भाग्योदय के लिए आटे के दीपक में घी डालें। फिर इसके बाद एक चुटकी हल्दी डालकर शाम के समय इसे प्रज्वलित करें। बाद में उस दीपक तुलसी की जड़ों में उत्तर दिशा में रख दें। मान्यता है कि ऐसा करने से आपकी बंद किस्मत खुल सकती है।
- मनोकामना पूरी करने के लिए आप पीतल के लोटे में 4 से 5 तुलसी की पत्तियां डालें। इसके बाद इसे डालकर करीब 24 घंटे के लिए रख दें। अगले दिन इस जल को घर के प्रवेश द्वार के साथ अन्य हिस्सों में छिड़क दें। ऐसा करने से मनोकामना पूरी हो सकती है।
- तुलसी की 11 पत्तियों को धूप में सुखा लें। इसके बाद इसपर नारंगीरंग के सिंदूर में सरसों का तेल मिलाकर इसपर राम का नाम लिखें। इसके बाद उन पत्तों की माला को हनुमान जी को चढ़ा दें। इससे सुख में वृद्धि होती है।

# गाजा में जो विध्वंस हुआ, वैसा द्वितीय विश्व युद्ध के बाद नहीं देखा गया था : संयुक्त राष्ट्र

## युद्ध शुरू होने के 2,01,000 लोगों की नौकरियां चली गई

गाजा की करीब 23 लाख आबादी का पांच प्रतिशत इतने कम समय में हताहत हुआ



एजेंसी
संयुक्त राष्ट्र

संयुक्त राष्ट्र का कहना है कि इजराइल के हमले की वजह से गाजा में जैसा विध्वंस हुआ है वैसा दुनिया ने द्वितीय विश्व युद्ध के बाद नहीं देखा था। विश्व निकाय ने यह भी कहा कि अगर लड़ाई आज खत्म हो जाए तो इजराइल की बमबारी और जमीनी हमले में तबाह हुए मकानों के पुनःनिर्माण में कम से कम 2040 तक का समय लगेगा। संयुक्त राष्ट्र के बृहस्पतिवार को जारी एक आकलन में कहा गया है कि सात अक्टूबर को दक्षिणी इजराइल में हमास के अचानक किए गए हमले के बाद शुरू हुए युद्ध का सामाजिक और आर्थिक प्रभाव तेजी से बढ़ रहा है। इसमें कहा गया है कि गाजा की करीब 23 लाख आबादी का पांच प्रतिशत इतने कम समय में हताहत हुआ और यह अप्रत्याशित है। आकलन के अनुसार, अप्रैल के मध्य तक 33,000 से अधिक फलस्तीनी मारे गए थे और 80,000 से अधिक घायल हुए थे। लगभग 7,000 अन्य लोग लापता हैं, और माना जा रहा है कि इनमें से ज्यादातर लोग मलबे में दब गए। संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम (यूएनडीपी) के प्रशासक अचिम स्टीनर ने कहा, 'युद्ध जारी रहने की वजह से गाजा के लोगों और सभी फलस्तीनियों को हर दिन भारी कीमत चुकानी पड़ रही है।' यूएनडीपी और पश्चिमी एशिया के लिए संयुक्त राष्ट्र आर्थिक आयोग की रिपोर्ट से पता चलता है कि गाजा में लोगों को किस तरह का भयावह संघर्ष करना पड़ रहा है। युद्ध शुरू होने के बाद से यहां 2,01,000 लोगों की नौकरियां चली गई हैं। यहां 2023 की आखिरी तिमाही में अर्थव्यवस्था में 81 प्रतिशत की गिरावट आई है। अरब देशों के लिए यूएनडीपी के क्षेत्रीय निदेशक अब्दुल्ला अल दरदारी ने संयुक्त राष्ट्र के एक संवाददाता सम्मेलन में रिपोर्ट जारी करते हुए कहा कि अनुमान है कि इस युद्ध में गाजा में लगभग 50 अरब अमेरिकी डॉलर का निवेश नष्ट हो गया है, और 18 लाख फलस्तीनी गरीबी में चले गए हैं। रिपोर्ट के अनुसार, गाजा में संयुक्त राष्ट्र मानव विकास सूचकांक 20 साल से अधिक पीछे जा चुका है। रिपोर्ट में अनुमान जताया गया है कि 2024 में गाजा की जीडीपी 51 फीसदी तक घट सकती है। नुकसान का दायरा और भी बढ़ने की आशंका जताई गई है क्योंकि अभी युद्ध जारी है। रिपोर्ट में कहा गया है कि गाजा में कम से कम 3,70,000 आवास इकाइयां क्षतिग्रस्त हो गई हैं। इनमें से 79,000 पूरी तरह से नष्ट हो गईं। व्यावसायिक इमारतें भी इनमें शामिल हैं।

# लैंडिंग के दौरान हेलीकॉप्टर झुकने से पायलट घायल



एजेंसी
मुंबई

महाराष्ट्र के रायगढ़ जिले में शुक्रवार को एक हेलीकॉप्टर नीचे उतरते समय एक ओर झुक गया जिससे उसका पायलट घायल हो गया। पुलिस के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि हेलीकॉप्टर को इन दिनों चल रहे लोकसभा चुनावों के सिलसिले में एक सार्वजनिक रैली के लिए शिवसेना (यूबीटी) नेता सुषमा अंधारे को लेने जाना था। रायगढ़ के पुलिस अधीक्षक सोमनाथ घार्गे ने बताया कि सुबह करीब साढ़े नौ बजे पायलट ने महाड में एक अस्थायी हेलीपैड पर हेलीकॉप्टर उतारने की कोशिश की और उस दौरान हेलीकॉप्टर एक ओर झुक गया। उन्होंने बताया कि प्रथम दृष्टया ऐसा लगता है कि जब हेलीकॉप्टर नीचे उतरते हुए जमीन के बेहद नजदीक था तब उसकी तेज हवा से उड़े धूल के गुबार की वजह से यह हादसा हुआ होगा। घार्गे ने बताया कि हेलीकॉप्टर को आंशिक रूप से नुकसान पहुंचा है और उसके 'रोटर ब्लेड' टूट गए। उन्होंने बताया कि इस घटना में पायलट को चोटें आईं तथा उसे अस्पताल ले जाया गया। उन्होंने कहा कि अंधारे रायगढ़ लोकसभा क्षेत्र से सेना (यूबीटी) द्वारा नामित महा विकास अघाड़ी (एमवीए) के उम्मीदवार अनंत गीते की चुनावी रैली के लिए महाड में थीं। शिवसेना (यूबीटी) नेता सुषमा अंधारे फेसबुक के माध्यम से हेलीकॉप्टर की लैंडिंग की लाइव स्ट्रीमिंग कर रही थीं। उन्होंने कहा कि उन्हें अपने भाई विशाल गुप्ते के साथ चुनाव प्रचार अभियान के एक कार्यक्रम में भाग लेने के लिए पुणे जिले के बारामती जाना था। उन्होंने कहा 'हमें एहसास हुआ कि हेलीकॉप्टर आ रहा था, लेकिन उसे उतरने में समय लग रहा था। अचानक, यह दुर्घटनाग्रस्त हो गया और धूल के गुबार से ढक गया।' अंधारे ने कहा कि पायलट और सह-पायलट को 'कोई बड़ी चोट नहीं आई है, लेकिन वे सदमे में हैं।'

## दुष्कर्म और हत्या के आरोपी के घर में पीड़िता के रिश्तेदारों ने आग लगा दी



एजेंसी
जयपुर

राजस्थान के दौसा जिले में दुष्कर्म और हत्या के एक आरोपी के घर में पीड़िता के रिश्तेदारों ने आग लगा दी। पुलिस ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि बृहस्पतिवार रात जिस समय आग लगाई उस समय घर में कोई मौजूद नहीं था, लेकिन आगजनी में शामिल लोगों में से कुछ झुलस गए। दौसा पुलिस अधीक्षक रंजीता शर्मा ने बताया कि 27 अप्रैल को एक विवाहिता के साथ कथित तौर पर दुष्कर्म कर उसकी हत्या कर दी गई थी और उसका शव 28 अप्रैल को बरामद किया गया था। उन्होंने बताया कि इस मामले में आरोपी को 29 अप्रैल को गिरफ्तार किया गया था। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि पीडिता के रिश्तेदारों का एक समूह आरोपी के घर पहुंचा और वहां आग लगा दी जिससे मकान आंशिक रूप से जल गया। मानपुर के पुलिस उपाधीक्षक दीपक मीणा ने बताया कि घटना में शामिल सात से आठ लोग झुलस गए हैं और उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है। उन्होंने बताया कि आक्रोशित लोगों ने एक पुलिस वाहन को भी क्षतिग्रस्त कर दिया। मीणा ने बताया कि दुष्कर्म का आरोपी फिलहाल पुलिस हिरासत में है और मामले की जांच जारी है।


## मतदान के दिन मेट्रो की दो लाइन पर किराए में 10 प्रतिशत की छूट

**मुंबई।** महा मुंबई मेट्रो ऑपरेशन कॉरपोरेशन लिमिटेड ने शुक्रवार को घोषणा की है कि 20 मई को शहर में लोकसभा चुनाव के लिए मतदान के लिए यात्रियों को टिकटों पर 10 प्रतिशत की छूट दी जाएगी। मुंबई में लोकसभा चुनाव के पांचवें चरण में मतदान होना है। एमएमएमओसीएल द्वारा जारी एक विज्ञप्ति के मुताबिक, मेट्रो लाइन 2ए और लाइन 7 पर यात्रा करने वाले यात्री मतदान के दिन 10 प्रतिशत की छूट का लाभ उठा सकते हैं। एमएमएमओसीएल अंधेरी (पश्चिम) और दहिसर (पूर्व) के बीच मेट्रो लाइन 2ए और दहिसर (पूर्व) और अंधेरी (पूर्व) के बीच लाइन 7 का संचालन करता है। विज्ञप्ति में कहा गया है कि यह पहल मेट्रो यात्रियों को नागरिक के रूप में उनके कर्तव्य को पूरा करने और मतदान के वास्ते प्रोत्साहित करने के लिए की गई है। इसका मकसद मतदान को बढ़ावा देना है। इसमें कहा गया है कि मतदान केंद्रों तक पहुंचने के लिए मुंबई वन कार्ड, पेपर क्यूआर और पेपर टिकट का उपयोग करने वाले यात्री मतदान के बाद वापसी की यात्रा के लिए मूल किराए पर 10 प्रतिशत की छूट का लाभ उठा सकते हैं।

## कोयला, गैस पर आधारित बिजली उत्पादन क्षमता 2023-24 में 2.44 प्रतिशत बढ़ी

एजेंसी
नई दिल्ली

देश में कोयला और गैस जैसे जीवाश्म ईंधन आधारित बिजली उत्पादन क्षमता वित्त वर्ष 2023-24 में 2.44 प्रतिशत बढ़कर 243.22 गीगावाट हो गई, जो मार्च 2023 में 237.27 गीगावाट थी। आधिकारिक आंकड़ों से यह जानकारी सामने आई है। सरकारी आंकड़ों के अनुसार हरित ऊर्जा स्रोतों (गैर-जीवाश्म ईंधन) पर आधारित बिजली उत्पादन क्षमता पिछले वित्त वर्ष में 10.79 प्रतिशत बढ़कर 190.57 गीगावाट (एक गीगावाट बराबर 1,000 मेगावाट) हो गई जबकि वित्त वर्ष 2022-23 में यह 172.01 गीगावाट थी। जीवाश्म ईंधन पर आधारित बिजली घरों में ईंधन के रूप में कोयला, लिग्नाइट, गैस और डीजल का उपयोग किया जाता है। जबकि गैर-जीवाश्म ईंधन में सौर, पवन और जल विद्युत से उत्पन्न बिजली शामिल है। पिछले वित्त वर्ष में



परमाणु ऊर्जा क्षमता वृद्धि 6.78 गीगावाट से बढ़कर 8.18 गीगावाट हो गई, जो सालाना आधार पर 20.64 प्रतिशत की वृद्धि दशार्ती है। आंकड़ों से पता चलता है कि वित्त वर्ष 2023-24 में भारत की कुल बिजली उत्पादन क्षमता एक साल पहले के 416.06 गीगावाट से 6.22 प्रतिशत बढ़कर 441.97 गीगावाट हो गई। इस दौरान कोयला आधारित क्षमता 205.24 गीगावाट से लगभग तीन प्रतिशत बढ़कर 210.97 गीगावाट हो गई जबकि गैस-आधारित उत्पादन क्षमता वित्त वर्ष 2022-23 के 24.82 गीगावाट से मामूली बढ़कर 25.04 गीगावाट हो गई। वित्त वर्ष 2023-24 में लिग्नाइट और डीजल पर आधारित

## स्कूल में शारीरिक गतिविधि के दौरान 11 वर्षीय छात्र की मौत

**रामगढ़।** झारखंड के रामगढ़ जिले में शुक्रवार की सुबह एक आवासीय विद्यालय के 11 वर्षीय छात्र की स्कूल के मैदान में कथित तौर पर शारीरिक गतिविधियों के दौरान मौत हो गयी। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। रामगढ़ के उपमंडल अधिकारी (एसडीओ) आशीष गंगवार ने बताया कि कक्षा पांच के छात्र आर्यन कुमार की मौत के मामले में जांच के आदेश जारी कर दिए गए हैं। उन्होंने कहा, 'जांच पैनल का नेतृत्व रामगढ़ के जिला शिक्षा अधीक्षक (डीएसई) संजीत कुमार करेंगे।' यह घटना जिले के जारा बस्ती में स्थित राधा गोविंद आवासीय विद्यालय में उस वक्त हुई जब छात्र नियमित शारीरिक गतिविधि में भाग लेने के लिए स्कूल के मैदान में आया था। संस्था के अध्यक्ष बी एन साह ने कहा, 'जिले के मांडू प्रखंड के बसंतपुर का रहने वाला छात्र अचानक जमीन पर गिर गया। उसे सदर अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।' झारखंड के कुछ हिस्सों में भीषण गर्मी की स्थिति को देखते हुए, राज्य सरकार ने अगली सूचना तक राज्य भर में किंडरगार्टन से आठवीं तक की कक्षाएं निलंबित कर दी हैं।

## एयर इंडिया की दिल्ली-ज्यूरिख सीधी उड़ान सेवा 16 जून से

**नई दिल्ली।** एयर इंडिया दिल्ली से स्विट्जरलैंड में ज्यूरिख के लिए सीधी उड़ान सेवा 16 जून से शुरू करेगी। इसके साथ ही ज्यूरिख भारत से एयर इंडिया की सीधी उड़ान सेवा वाला सातवां यूरोपीय शहर हो जाएगा। कंपनी ने शुक्रवार को बयान में कहा कि उड़ानों का संचालन सप्ताह में चार दिन...सोमवार, बुधवार, शुक्रवार और रविवार... होगा। उड़ान के लिए बोइंग 787 विमान का उपयोग किया जाएगा। इसमें 'इकोनोमी' और 'बिजनेस' श्रेणी होंगी। एयर इंडिया के मुख्य कार्यपालक अधिकारी और प्रबंध निदेशक कैम्पबेल विल्सन ने कहा, 'भारत में काम कर रही 250 से अधिक स्विस कंपनियों, स्विट्जरलैंड में सैकड़ों भारतीय कंपनियों और लगभग 18,000 की प्रवासी भारतीय आबादी के साथ ये उड़ानें दोनों क्षेत्रों में व्यापार और पर्यटन यात्रा की मजबूत मांग को पूरा करेंगी।' फिलहाल एयरलाइन यूरोप के छह शहरों-एम्स्टर्डम, कोपेनहेगन, फ्रैंकफर्ट, मिलान, पेरिस और वियना के लिए 60 साप्ताहिक उड़ानें संचालित करती है।

## सात महिलाओं ने शांति का संदेश देने के लिए सिर मुंडवाकर साइकिल रैली निकाली

एजेंसी
इंफाल




एक प्रतीकात्मक विरोध प्रदर्शन में, सात महिलाओं ने शुक्रवार को जातीय हिंसा प्रभावित मणिपुर में शांति और एकता का संदेश फैलाने के लिए अपने सिर मुंडवाए और एक साइकिल रैली निकाली। काले कपड़े पहनीं इन महिलाओं ने इंफाल के मध्य में एक सीमांत गांव सेकमाई से कांगला तक कम से कम 19 किमी की दूरी तय की। सात महिलाओं के साथ आई एक अधेड़ उम्र की महिला के. शांति ने कहा, 'बाल मुंडवाना एक प्रतीकात्मक संकेत है। ऐसा करने का उद्देश्य चुराचांदपुर और कांगपोकपी के निकटवर्ती पहाड़ी इलाकों में स्थित उग्रवादियों द्वारा इंफाल घाटी के सीमांत क्षेत्रों पर समय-समय पर होने वाली गोलीबारी को रोकने में सरकार की असमर्थता का विरोध करना है। हम सब थक चुके हैं। हम शांति चाहते हैं।' कांगला से मीरा पैबी नामक सामाजिक संगठन की नेता एम. सोबिता देवी ने कहा, 'राज्य में तीन मई को हिंसा का एक साल पूरा हो गया। आज हम एक बार फिर तोरबुंग और फौगाचाओ के किसानों, दिहाड़ी मजदूरों पर हुए नुकसान और अत्याचारों को याद करते हैं, जिन पर चुराचांदपुर की एक सशस्त्र भीड़ ने बिना उकसावे के हमला किया था।' महिलाओं ने साइकिलों पर तख्तियां लखा रखी थीं जिस पर लिखा था, 'हम शांति चाहते हैं, अलग प्रशासन नहीं, क्षेत्रीय अखंडता की रक्षा करें।' राहत शिविरों में रह रहे आंतरिक रूप से विस्थापित व्यक्तियों और खुमुजाम्बा मेइती लेईकाई पट्टादार एसोसिएशन ने भी इंफाल ईस्ट जिले के अकामापत में हिंसा के एक वर्ष पूरे होने पर कार्यक्रम आयोजित किया।

## उत्तरी दिल्ली के रोहिणी में भाग रहे एक अपराधी के पैर में गोली लगी; पकड़ा गया

**नई दिल्ली।** उत्तर प्रदेश के गाजियाबाद में हत्या के एक मामले में वांछित 35-वर्षीय एक अपराधी को शुक्रवार तड़के यहां रोहिणी में मुठभेड़ के बाद पकड़ लिया गया। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस सूत्रों ने बताया कि रोहिणी में जापानी पार्क के समीप तड़के तीन बजे मुठभेड़ में अपराधी मोहम्मद फैजान उर्फ नन्हे के पैर में गोली लगी। फैजान 'कालू' और 'गोगा' नाम से भी जाना जाता है। पुलिस उपायुक्त (विशेष शाखा) अमित कौशिक के अनुसार, पुलिस को सूचना मिली थी कि फैजान जापानी पार्क के पास अपने किसी साथी से मिलने आ रहा है। कौशिक ने कहा, 'निरीक्षक मान सिंह एवं संजीव की अगुवाई में एक दल ने जाल बिछाया। लेकिन पुलिस दल को देखते हुए फैजान ने उसपर गोलियां चला दीं। जवाबी कार्रवाई में पुलिस दल के सदस्यों ने भी गोलियां चलायीं और एक गोली उसके दाहिने पैर में लगी।' उन्होंने बताया कि पुलिस ने उसके पास से बंदूक, अत्याधुनिक अर्धस्वचालित पिस्तौल और तीन कारतूस बरामद किये हैं तथा उसकी मोटरसाइकिल भी जब्त की है।

## दिल्ली के ओखला में एक व्यक्ति की चाकू मारकर हत्या

एजेंसी
नई दिल्ली



राष्ट्रीय राजधानी में एक नाबालिग समेत दो लोगों ने एक व्यक्ति की कथित तौर पर चाकू मारकर हत्या कर दी। पुलिस ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि हत्या के पीछे का मकसद एक लड़की को लेकर आपसी रंजिश हो सकती है, लेकिन इस संबंध में जांच की जा रही है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि पुलिस ने आरोपियों की पहचान धर्मेंद्र (18) और 17 वर्षीय एक किशोर के रूप में की है। अधिकारियों ने बताया कि बृहस्पतिवार की शाम पांच बजकर 27 मिनट पर ओखला पुलिस थाने में एक लड़के के घायल होने के संबंध में दो पीसीआर कॉल आई थीं, जिसके बाद पुलिस टीम को मौके पर भेजा गया। उन्होंने बताया कि एक अन्य पीसीआर कॉल शाम छह बजकर 22 मिनट पर ओखला औद्योगिक क्षेत्र के एक अस्पताल से मिली थी, जिसमें कहा गया कि जेजे कैंप, ओखला फेज-2 के निवासी शिवम को घायल स्थिति में लाया गया है और ओखला के सलोरा पार्क में उसका झगड़ा हो गया था। पुलिस उपायुक्त (दक्षिणपूर्व) राजेश देव ने कहा, 'उसे आईसीयू में भर्ती कराया गया और बाद में इलाज के दौरान चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।' पुलिस उपायुक्त ने बताया कि जांच के दौरान पुलिस को पता चला कि शिवम बृहस्पतिवार की शाम लगभग पांच बजकर 10 मिनट पर धर्मेंद्र और एक लड़के के साथ सलोरा पार्क आया था। उन्होंने कहा, 'कुछ मिनट बाद, शिवम पार्क से बाहर आया तो उसकी गर्दन से खून बह रहा था।' उन्होंने बताया कि जांच में पता चला कि नाबालिग ने शिवम की गर्दन पर चाकू मारा था।

## चीन ने चंद्रमा के दूरस्थ हिस्से से नमूने एकत्र करने के लिए चंद्र मिशन भेजा

एजेंसी
बीजिंग



चीन ने चंद्रमा के दूरस्थ हिस्से से पहली बार नमूने एकत्र करने और वैज्ञानिक अध्ययन के लिए उन्हें पृथ्वी पर लाने के मकसद से शुक्रवार को एक चंद्र अन्वेषण अंतरिक्ष यान को रवाना किया। चाइना नेशनल स्पेस एडमिनिस्ट्रेशन (सीएनएसए) के अनुसार, चांग-6 मिशन पृथ्वी के कभी सम्मुख नहीं आने वाले चंद्रमा के दूरस्थ हिस्से से नमूने एकत्र करेगा और उन्हें लेकर पृथ्वी पर लौटेगा। चंद्रमा पर मानव अन्वेषण के इतिहास में ऐसा पहली बार किया जा रहा है। 'चांग' चंद्र अन्वेषण का नाम चीन की पौराणिक देवी के नाम पर पड़ा है। चीन के चंद्र मिशन को लॉग मार्च-5 वाई8 रॉकेट के जरिये अंजाम दिया जा रहा है। यह रॉकेट चीन के हैनान प्रांत के तट पर स्थित वेंचांग अंतरिक्ष प्रक्षेपण स्थल से प्रक्षेपित किया गया। इस मिशन के जरिये चंद्रमा पर धूल और चट्टानों के नमूने एकत्र करने के बाद उन्हें वापस पृथ्वी पर लाया जाएगा। सीएनएसए ने इससे पहले कहा था कि मिशन का उद्देश्य स्वचालित तरीके से नमूने एकत्र करना और फिर चंद्रमा के दूरस्थ हिस्से से उन्हें लेकर लौटने जैसी प्रमुख प्रौद्योगिकियों में सफलता हासिल करना है। अंतरिक्ष की एक बड़ी शक्ति चीन ने अतीत में चंद्रमा पर मानव रहित मिशन भेजे हैं जिनमें एक रोवर उतारना भी शामिल है। चीन ने मंगल ग्रह पर भी रोवर भेजे हैं। इससे पहले, चीन ने 2030 तक चंद्रमा पर अंतरिक्ष यात्री को उतारने की अपनी योजना की घोषणा की थी। भारत, चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव के पास रोवर उतारने वाला पहला देश है। पिछले साल, भारत का चंद्रयान-3 लैंडर और प्रज्ञान रोवर वहां सफलतापूर्वक उतरा था। पृथ्वी के सम्मुख कभी न आने वाला चंद्रमा का दूरस्थ हिस्सा रेडियो खगोल विज्ञान एवं अन्य वैज्ञानिक कार्य के लिए उपयोगी है।

केस | शिकायतकर्ता ने रेवन्ना पर उसकी मां के अपहरण का लगाया आरोप

# एचडी रेवन्ना और प्रज्वल के खिलाफ अपहरण का नया मामला दर्ज: पुलिस

एजेंसी
मैसुरू (कर्नाटक)

कर्नाटक के पूर्व मंत्री एच डी रेवन्ना और उनके बेटे प्रज्वल रेवन्ना के खिलाफ अपहरण का एक नया मामला दर्ज किया गया है। पुलिस ने यहां कहा कि बृहस्पतिवार रात को मामला दर्ज किया गया। हासन जिले की होलेनरसीपुरा सीट से जनता दल (सेक्यूलर) विधायक रेवन्ना पूर्व प्रधानमंत्री एच डी देवगौड़ा के पुत्र और पूर्व मुख्यमंत्री एच डी कुमारस्वामी के बड़े भाई हैं। हासन से पार्टी के वर्तमान सांसद प्रज्वल पर महिलाओं के यौन उत्पीड़न के आरोप लगे हैं। राज्य सरकार ने मामले की जांच के लिए एक विशेष जांच दल (एसआईटी) का गठन किया है। वह लोकसभा चुनाव में हासन सीट से राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के उम्मीदवार थे जहां 26 अप्रैल को मतदान हो चुका है। होलेनरसीपुरा थाने में पिता-पुत्र के खिलाफ छेड़छाड़ का एक मामला दर्ज किया जा चुका है। राज्य के गृह मंत्री जी परमेश्वर के अनुसार बुधवार रात को एक और शिकायत दर्ज की गई।



बृहस्पतिवार रात को दर्ज इस नए मामले में मैसुरू जिले के कृष्णराजा नगर के रहने वाले 20 वर्षीय शिकायतकर्ता ने कहा कि रेवन्ना ने उसकी मां का अपहरण कर लिया है। युवक ने कहा कि छह साल पहले उसकी मां होलेनरसीपुरा में रेवन्ना के घर पर काम करती थीं। तीन साल पहले उन्होंने काम छोड़ दिया और अपने गृहनगर लौट आईं। लड़के के अनुसार पांच दिन पहले रेवन्ना के सहयोगी सतीश बाबन्ना उसके घर आए थे और कहा कि पुलिस पूछताछ के लिए आ सकती है और उन्हें कुछ भी नहीं बताना चाहिए। शिकायतकर्ता ने कहा, '29 अप्रैल को रात करीब 9 बजे, सतीश बाबन्ना हमारे घर आए और कहा कि अगर तुम्हारी मां पकड़ी जाती हैं तो तुम संकट में पड़ जाओगे और सभी लोग जेल जा सकते हो। उन्होंने कहा कि रेवन्ना ने मेरी मां को लाने को कहा है। इसके बाद वह मेरी मां को मोटरसाइकिल पर ले गया।' युवक ने कहा कि उसे पता नहीं है कि उसकी मां को कहां ले जाया गया है। उसने कहा कि इसके बाद एक मई को एक दोस्त का फोन आया जिसने बताया कि एक वीडियो सामने आया है जिसमें उसकी मां को रस्सी से बांधा गया है और प्रज्वल ने कथित रूप से उनके साथ दुष्कर्म किया। शिकायतकर्ता ने कहा कि उसकी मां को जान का खतरा है और पुलिस को उन्हें खोजने में मदद करनी होगी। मैसुरू के के.आर. नगर थाने में एचडी रेवन्ना और बाबन्ना के खिलाफ अपहरण, गलत तरह से बंधक बनाने और मिलीभगत का मामला दर्ज किया गया है। इन आरोपों के जवाब में रेवन्ना ने बुधवार को कहा था, 'मुझमें इन साजिशों का सामना करने की ताकत है। मैं इसका सामना करुंगा। परेशानी की कोई बात नहीं है।

# संक्षिप्त-समाचार

## सड़क हादसे में भारतीय दंपति, तीन महीने के बच्चे समेत चार लोगों की मौत

**टोरंटो।** कनाडा घूमने गए भारतीय दंपति और उनके तीन महीने के पोते समेत चार लोग उस समय सड़क हादसे का शिकार हो गए जब ओंटारियो पुलिस की एक गाड़ी शराब की दुकान से लूट को अंजाम देने वाले संदिग्ध को पकड़ने के लिए गलत रास्ते पर आ गई और कई वाहनों की टक्कर हो गई। पुलिस ने बृहस्पतिवार को बताया कि टोरंटो से करीब 50 किलोमीटर पूर्व व्हाइटबाय में राजमार्ग 401 पर हुई दुर्घटना में कई वाहनों के क्षतिग्रस्त होने के साथ ही चारों लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। ओंटारियो विशेष जांच इकाई (एसआईयू) ने बताया कि हादसे में मारे गए लोगों में 60 वर्षीय एक पुरुष और 55 वर्षीय एक महिला भी शामिल है, जो भारत से आए थे। हालांकि, मृतकों का नाम जारी नहीं किया गया है। एसआईयू ने बताया कि दंपति का तीन महीने का पोता भी इस हादसे में मारा गया। सोमवार को हुए इस हादसे के बाद कई घंटों तक राजमार्ग 401 बंद रहा। एजेंसी ने बताया कि नवजात के 33 वर्षीय पिता और 27 वर्षीय मां भी दुर्घटना की चपेट में आए वाहनों में से एक में यात्रा कर रहे थे जिन्हें घायल अवस्था में अस्पताल में भर्ती कराया गया। एसआईयू ने कहा कि मां की हालत गंभीर है। सीबीसी न्यूज की खबर के मुताबिक, लूट को अंजाम देने वाला 21 वर्षीय संदिग्ध भी इस हादसे में मारा गया। इस हादसे में कम से कम छह वाहन आपस में टकरा गए।

## उत्तर प्रदेश के बांदा में बोलेरो और बाइक की भिड़ंत में तीन युवकों की मौत

**बांदा (उप्र)।** बांदा जिले में एक बोलेरो जीप और मोटरसाइकिल की भिड़ंत हो गई जिससे मोटरसाइकिल सवार तीन युवकों की मौत हो गई। पुलिस अधिकारी ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। बबेरू क्षेत्र के पुलिस उपाधीक्षक (डीएसपी) राजवीर सिंह ने बताया कि कमासिन कस्बे के निवासी हुसैन अली के दो बेटे गुलाम मोहम्मद (18) और रज्जू (12) और उनका पड़ोसी कमलेश साहू (26) बृहस्पतिवार रात मुसीवा गांव में सब्जी बेचकर लौट रहे थे। उन्होंने बताया कि कमासिन-दादौं मार्ग पर सिकरी बस स्टॉप के पास सामने से आ रही बोलेरो जीप ने मोटरसाइकिल में सामने से टक्कर मार दी जिससे तीनों गंभीर रूप से घायल हो गए। सिंह ने बताया कि हादसे की सूचना पर पहुंची पुलिस ने तीनों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया जहां चिकित्सकों ने कमलेश साहू और गुलाम मोहम्मद को मृत घोषित कर दिया, जबकि इलाज के लिए कानपुर ले जाते समय रास्ते में रज्जू ने दम तोड़ दिया। डीएसपी ने बताया कि शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और दुर्घटना के बाद से फरार जीप चालक की तलाश की जा रही है।

## छत्तीसगढ़ आबकारी घोटाले में ईडी ने 205 करोड़ रुपये मूल्य की संपत्ति कुर्क की

**नई दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने शुक्रवार को कहा कि उसने छत्तीसगढ़ में कथित आबकारी घोटाले से जुड़े धनशोधन मामले की जांच के तहत सेवानिवृत्त आईएएस अधिकारी अनिल टुटेजा, रायपुर के महापौर के बड़े भाई व अन्य व्यक्तियों की 205 करोड़ रुपये मूल्य से अधिक की संपत्ति कुर्क की है। जांच एजेंसी ने एक बयान में कहा कि कुर्क की गई संपत्तियों में टुटेजा की 15.82 करोड़ रुपये की 14 संपत्तियां, रायपुर के महापौर व कांग्रेस नेता ऐजाज ढेबर के बड़े भाई अनवर ढेबर की 116.16 करोड़ रुपये की 115 संपत्तियां, विकास अग्रवाल उर्फ सुब्बू की 1.54 करोड़ रुपये की संपत्तियां और अरविंद सिंह की 12.99 करोड़ रुपये की 33 संपत्तियां शामिल हैं। बयान के अनुसार, भारतीय दूरसंचार सेवा (आईटीएस) के अधिकारी और आबकारी विभाग के विशेष सचिव अरुणपति त्रिपाठी की 1.35 करोड़ रुपये की संपत्ति, त्रिलोक सिंह ढिल्लों की 28.13 करोड़ रुपये की नौ संपत्तियां, नवीन केडिया के 27.96 करोड़ रुपये के आभूषण और आशीष सौरभ केडिया/दिशिता वेंचर्स प्राइवेट लिमिटेड की 1.2 करोड़ रुपये की चल संपत्ति कुर्क की गई है। ईडी ने कहा कि अनवर ढेबर की कुर्क की गई संपत्तियों में होटल वेनिंगटन कोर्ट, रायपुर शामिल है। कुर्क की गईं संपत्तियों की कुल कीमत 205.49 करोड़ रुपये है। ईडी ने टुटेजा को इस मामले में हाल ही में गिरफ्तार किया था। ईडी का आरोप है कि शराब की अवैध बिक्री के माध्यम से अर्जित कमीशन को 'राज्य के सर्वोच्च नेताओं के निदेर्शों के अनुसार' साझा किया गया था।

## जेएसडब्ल्यू इंफ्रास्ट्रक्चर का चौथी तिमाही का शुद्ध लाभ नौ प्रतिशत बढ़कर 329 करोड़ रुपये

**नई दिल्ली।** जेएसडब्ल्यू इंफ्रास्ट्रक्चर का वित्त वर्ष 2023-24 की चौथी तिमाही में एकीकृत शुद्ध लाभ नौ प्रतिशत बढ़कर 329 करोड़ रुपये रहा। कंपनी का वित्त वर्ष 2022-23 की चौथी तिमाही (जनवरी-मार्च) में शुद्ध लाभ 302.26 करोड़ रुपये था। जेएसडब्ल्यू इंफ्रास्ट्रक्चर ने शुक्रवार को शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि चौथी तिमाही में एकीकृत कुल आय बढ़कर 1,200.30 करोड़ रुपये हो गई, जो वित्त वर्ष 2022-23 की समान तिमाही में 973.20 करोड़ रुपये थी। कुल व्यय भी आलोच्य तिमाही में बढ़कर 782.93 करोड़ रुपये हो गया, जो 2022-23 की इसी तिमाही में 677.77 करोड़ रुपये था। कंपनी के निदेशक मंडल ने 0.55 रुपये प्रति शेयर लाभांश की सिफारिश की है। जेएसडब्ल्यू समूह की कंपनी जेएसडब्ल्यू इन्फ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड भारत की दूसरी सबसे बड़ी निजी वाणिज्यिक बंदरगाह संचालक है।

## केरल, दक्षिण तमिलनाडु के तटीय हिस्सों में समुद्र में ऊंची लहरें उठने की चेतावनी

**तिरूवनंतपुरम।** केरल और दक्षिण तमिलनाडु के तटीय इलाकों में मछुआरों एवं स्थानीय निवासियों को चेतावनी दी गई है कि शनिवार तड़के ढाई बजे से रविवार रात साढ़े 11 बजे तक समुद्र में ऊंची लहरी उठ सकती हैं। मौसम एजेंसियों ने यह जानकारी दी। भारतीय राष्ट्रीय महासागर सूचना सेवा केन्द्र (आईएनसीओआईएस) के अनुसार, 'इस अवधि के दौरान समुद्र में 0.5 से 1.5 मीटर ऊंची लहरें उठने की संभावना है।' आईएनसीओआईएस, एक केंद्रीय एजेंसी है जो देश में मछुआरों को समुद्री मौसम के बारे में चेतावनी जारी करती है। केरल राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (केएसडीएमए) और अन्य मौमस एजेंसियों ने एक बयान में लोगों को अधिकारियों के निर्देश के अनुसार खतरनाक क्षेत्रों से दूर रहने की सलाह दी है। उन्होंने यहां एक बयान में कहा, 'नौकाओं के बीच एक सुरक्षित दूरी रखकर उनके आपस में टकराने को टाला जा सकता है। मछली पकड़ने के उपकरणों की सुरक्षा सुनिश्चित की जानी चाहिए।' एजेंसियों ने लोगों को तटों से दूर रहने और समुद्र में नहीं उतरने की भी सलाह दी है। आईएनसीओआईएस के अनुसार, हिंद महासागर के दक्षिणी हिस्से में तेज हवाएं चलने के परिणामस्वरूप समुद्र में ऊंची लहरें उठती हैं। इस परिस्थिति को 'कल्लक्कडल' नाम से जाना जाता है।

## दिल्ली हवाई अड्डे पर 2.4 करोड़ रुपये के सोने की तस्करी में पांच विदेशी नागरिक गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** सीमा शुल्क विभाग के अधिकारियों ने राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर करीब 2.4 करोड़ रुपये मूल्य के सोने की तस्करी करने के आरोप में अजरबैजान के पांच नागरिकों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने शुक्रवार को एक आधिकारिक बयान जारी कर इसकी जानकारी दी। सीमा शुल्क विभाग द्वारा जारी बयान में कहा गया है कि 30 अप्रैल को दुबई से आने के बाद आरोपियों को रोका गया, जिनमें एक महिला यात्री भी शामिल है। बयान में कहा गया है, 'उक्त यात्रियों की तलाशी लेने पर, उनके पास से आभूषण, तार, बेल्ट बकल और हैंडबैग हैंडल आदि के रूप में 3.5 किलोग्राम सोने की वस्तुएं बरामद की गईं, जिनकी कीमत 2.44 करोड़ रुपये है।₹ इसमें कहा गया है कि आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है और सोने की वस्तुएं जब्त कर ली गईं हैं ।

## बीएसएफ जवानों की बस अनियंत्रित होकर पेड़ से टकराई, 17 जवान घायल

**रायगढ़।** छत्तीसगढ़ के रायगढ़ जिले में चुनाव ड्यूटी पर तैनात सीमा सुरक्षा बल (बीएसफ) के जवानों की बस शुक्रवार को दुर्घटनाग्रस्त हो गई। घटना में 17 जवान घायल हो गये। पुलिस अधिकारियों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि घटना सुबह 11 बजे जिले के धरमजयगढ़ क्षेत्र के चहला गांव के पास की है। उन्होंने बताया कि बीएसएफ के 32 जवान बस में सवार होकर मतदान केंद्रों का मुआयना करने के लिए रवाना हुए थे। अधिकारियों ने बताया कि जब वे धरमजयगढ़ के सुदूर पहाड़ी इलाके में स्थित छूही पहाड़ के मतदान केंद्र का निरीक्षण कर लौट रहे थे तभी चहला गांव के करीब बस अनियंत्रित होकर पेड़ से टकरा गई। उन्होंने बताया कि इस घटना में 17 जवान घायल हो गये, जिनमें से 13 जवानों का उपचार धरमजयगढ़ के अस्पताल में किया जा रहा है और जिन चार जवानों को ज्यादा चोटें आई हैं उन्हें रायगढ़ मेडिकल कॉलेज सह अस्पताल में भर्ती कराया गया है। अधिकारियों ने बताया कि जिलाधिकारी कार्तिकिया गोयल ने मामले की जांच के आदेश दिए हैं।

# प्लेआफ की उम्मीदें कायम रखने के लिये आरसीबी और गुजरात के लिये करो या मरो का मुकाबला

## दोनों टीमों के बीच मैच शाम 7:30 से होगा शुरू

एजेंसी
बेंगलुरू




समीकरणों के आधार पर अभी भी प्लेआफ की दौड़ से बाहर नहीं हुई रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू और गुजरात टाइटंस को अपनी थोड़ी बहुत उम्मीदें भी कायम रखने के लिये शनिवार को इंडियन प्रीमियर लीग के मैच में हर हालत में जीत दर्ज करनी होगी। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू दस मैचों में छह अंक लेकर तालिका में सबसे नीचे है जबकि टाइटंस दस मैचों में आठ अंक लेकर आठवें स्थान पर है।

चेन्नई सुपर किंग्स और दिल्ली कैपिटल्स ( 10 अंक ) की पिछले मैच में हार के बाद इन दोनों टीमों की उम्मीदें बंधी है। दोनों को बखूबी पता है कि दूसरी टीमों के नतीजों पर निर्भर रहने की बजाय खुद अपने अभियान को ढर्रे पर लाना होगा। अपने मैदान पर खेल रही आरसीबी के लिये विराट कोहली शानदार फॉर्म में हैं जो इस सत्र में 500 रन पार करने वाले पहले बल्लेबाज बने। आरसीबी को उनसे इसी तरह के प्रदर्शन की उम्मीद होगी। गेंदबाजों ने हालांकि मेजबान को निराश किया है।

मोहम्मद सिराज, यश दयाल, कर्ण शर्मा और स्वप्निल सिंह कोई भी प्रभावित नहीं कर सका है। बल्लेबाजों की ऐशगाह चिन्नास्वामी स्टेडियम की पिच पर उन्हें गुजरात के बल्लेबाजों पर अंकुश लगाना होगा हालांकि अभी तक वे एक ईकाई के रूप में अच्छा नहीं खेल सके हैं। इसी वजह से दिल्ली कैपिटल्स और आरसीबी ने पिछले दो मैचों में उसे हराया है।

शुभमन गिल और बी साई सुदर्शन ने मिलकर गुजरात के लिये 700 से अधिक रन बनाये हैं। रिधिमान साहा, डेविड मिलर, राहुल तेवतिया, विजय शंकर और शाहरूख खान 200 रन के आसपास भी नहीं पहुंच सके हैं। गेंदबाजी में स्टार स्पिनर राशिद खान समेत कोई भी अपनी ख्याति के अनुरूप प्रदर्शन नहीं कर सका है। राशिद ने दस मैचों में आठ की इकॉनॉमी रेट से आठ विकेट लिये हैं। पिछले साल उन्होंने 8 . 24 की इकॉनॉमी रेट से 27 विकेट लिये थे। तेज गेंदबाजी में टीम को मोहम्मद शमी की कमी खल रही है जो सर्जरी के बाद उबर रहे हैं। उमेश यादव और मोहित शर्मा काफी महंगे साबित हुए हैं। मोहित ने 10 विकेट लिये लेकिन 11 से अधिक की दर से रन दिये हैं। उमेश सात ही विकेट ले सके हैं।

### टीमों का विवरण

**रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर :** फाफ डु प्लेसी ( कप्तान ), ग्लेन मैक्सवेल, विराट कोहली, रजत पाटीदार, अनुज रावत, दिनेश कार्तिक, सुयश प्रभुदेसाई, विल जैक्स, महिपाल लोमरोर, कर्ण शर्मा, मनोज भंडागे, मयंक डागर, विजयकुमार विशक, आकाश दीप। मोहम्मद सिराज, रीस टॉपले, हिमांशु शर्मा, राजन कुमार, कैमरून ग्रीन, अल्जारी जोसेफ, यश दयाल, टॉम कुरेन, लॉकी फर्ग्यूसन, स्वप्निल सिंह, सौरव चौहान।

**गुजरात टाइटंस:** शुभमन गिल (कप्तान), डेविड मिलर, मैथ्यू वेड, रिद्धिमान साहा, रॉबिन मिंज, केन विलियमसन, अभिनव मंधार, बी साई सुदर्शन, दर्शन नालकंडे, विजय शंकर, अजमतुल्लाह उमरजई, शाहरुख खान, जयंत यादव, राहुल तेवतिया, कार्तिक त्यागी, शशांत मिश्रा, स्पेंसर जॉनसन, नूर अहमद, साई किशोर, उमेश यादव, राशिद खान, जोशुआ लिटिल, मोहित शर्मा और मानव सुतार।

# भारत का सफेद गेंद के प्रारूप में शीर्ष स्थान बरकरार, टेस्ट में आस्ट्रेलिया फिर नंबर वन

एजेंसी
दुबई



भारत ने शुक्रवार को जारी ताजा अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) सालाना रैंकिंग अपडेट में वनडे और टी20 अंतरराष्ट्रीय में अपना शीर्ष स्थान बरकरार रखा लेकिन पुरुष टेस्ट टीम रैंकिंग में दूसरे स्थान पर खिसक गई। पांच दिवसीय प्रारूप में भारत ने मौजूदा विश्व टेस्ट चैम्पियन आस्ट्रेलिया को शीर्ष स्थान गंवा दिया। सालाना अपडेट में 2020-21 सत्र के नतीजे हटा दिये गये हैं और इसमें मई 2021 के बाद पूरी हुई सभी श्रृंखलायें शामिल हैं। भारत (120 अंक) टेस्ट रैंकिंग में आस्ट्रेलिया (124) से महज चार अंक पीछे है और तीसरे स्थान पर काबिज इंग्लैंड से 15 अंक आगे है। दक्षिण अफ्रीका (103 अंक) 100 अंक से ऊपर हासिल करने वाली चौथी टीम है। भारत मुख्यतः 2020-21 में आस्ट्रेलिया में मिली 2-1 की जीत के रैंकिंग के हटाये जाने से दूसरे स्थान पर खिसका। तीसरे से नौवें स्थान की रैंकिंग वाली टीम का क्रम समान है। अब केवल नौ टीम ही रैंकिंग में शामिल हैं क्योंकि अफगानिस्तान और आयरलैंड रैंकिंग में शामिल होने के लिए जरूरी टेस्ट नहीं खेलते हैं जबकि जिम्बब्वे ने पिछले तीन वर्षों में केवल तीन टेस्ट खेले हैं। एक टीम को रैंकिंग तालिका में शामिल होने के लिए तीन साल में न्यूनतम आठ टेस्ट खेलने होते हैं। सालाना अपडेट के बाद भारत हालांकि वनडे और टी20 अंतरराष्ट्रीय रैंकिंग में शीर्ष पर कायम है। इसमें मई 2023 से पहले पूरे हुए मैच के 50 प्रतिशत और इसके बाद के मैच के शत प्रतिशत अंक शामिल हैं। भारत भले ही आस्ट्रेलिया से वनडे विश्व कप फाइनल हार गया हो लेकिन उसने उस पर बढ़त तीन से बढ़ाकर छह अंक की कर ली है। भारत के 122 अंक हैं। शीर्ष 10 में कोई बदलाव नहीं हुआ है। तीसरे स्थान पर काबिज दक्षिण अफ्रीका ने आस्ट्रेलिया से अंतर कम किया है जो आठ से अब चार अंक का रह गया है। श्रीलंका पांचवें स्थान पर काबिज इंग्लैंड से महज दो अंक पीछे है। टी20 अंतरराष्ट्रीय रैंकिंग में आस्ट्रेलियाई टीम इंग्लैंड को हटाकर दूसरे स्थान पर पहुंच गयी है लेकिन 264 रेटिंग अंक हासिल करने वाली भारतीय टीम से सात अंक पीछे है। दक्षिण अफ्रीका की टीम इंग्लैंड से दो अंक पीछे चौथे स्थान पर है। न्यूजीलैंड के भी दक्षिण अफ्रीका की तरह 250 अंक हैं लेकिन दशमलव की गणना में उससे पीछे है। वेस्टइंडीज के 249 अंक हैं। इससे तीसरे स्थान पर काबिज इंग्लैंड और छठे स्थान की वेस्टइंडीज के बीच केवल तीन अंक का अंतर है। पाकिस्तान की टीम दो पायदान के नुकसान से सातवें स्थान पर खिसक गयी।

# लक्ष्य का पीछा करते हुए हार्दिक और विराट का संयोजन शानदार होगा: एस श्रीसंत

एजेंसी
नई दिल्ली



पूर्व भारतीय तेज गेंदबाज एस श्रीसंत ने शुक्रवार को हार्दिक पंड्या के टी20 विश्व कप टीम में चयन का समर्थन करते हुए कहा कि विराट कोहली के साथ इस आल राउंडर की मौजूदगी मुश्किल लक्ष्य का पीछा करते हुए अच्छा संयोजन साबित होगी। फॉर्म से बाहर चल रहे पंड्या को 15 सदस्यीय भारतीय टीम में शामिल करने से सवाल उठ रहे हैं लेकिन चयनकताओं ने उनके पिछले रिकॉर्ड तथा गेंद एवं बल्ले दोनों से तेजी से खेल का परिदृश्य बदलने की उनकी काबिलियत को ध्यान में रखकर यह फैसला किया है। साथ ही अमेरिका और वेस्टइंडीज में होने वाले आईसीसी टी20 विश्व कप के लिए उन्हें उपकप्तान नियुक्त करने पर भी काफी लोग हैरान हैं। लेकिन कपिल देव के युग के बाद भारत के सर्वश्रेष्ठ आउटस्विंग गेंदबाजों में शुमार श्रीसंत ने इस फैसले का समर्थन करते हुए 'स्टार स्पोर्ट्स' पर एक चर्चा के दौरान कहा, 'इस साल के आईपीएल (इंडियन प्रीमियर लीग) को छोड़ दें तो हम सभी ने देखा है कि वह मैदान पर क्या करने की काबिलियत रखता है। वह जिस तरह से देश के लिए बल्लेबाजी और गेंदबाजी कर रहा है और यहां तक कि उसने एक श्रृंखला में टीम की अगुआई की और इसमें जीत दिलायी।' उन्होंने कहा, 'रोहित से इसके बारे में पूछा गया था और उन्होंने कहा कि कभी कभार मैं कप्तान होता हूं और कभी कभार नहीं। लेकिन इससे टीम का माहौल और जज्बा नहीं बदलता।' श्रीसंत ने कहा, 'इसलिये एक अच्छी चीज यह है कि हार्दिक जब क्रीज पर बल्लेबाजी के लिए उतरें, विशेषकर जब टीम लक्ष्य का पीछा कर रही है और विराट दूसरे छोर पर हों तो मुझे लगता है कि यह संयोजन शानदार है।'

# पारी की शुरूआत करें कोहली, रोहित तीसरे नंबर पर उतरें : अजय जडेजा

**नई दिल्ली।** पूर्व हरफनमौला अजय जडेजा का मानना है कि अमेरिका और वेस्टइंडीज में होने वाले टी20 विश्व कप में भारतीय कप्तान रोहित शर्मा को तीसरे नंबर पर उतरकर विराट कोहली से पारी का आगाज कराना चाहिये। भारत ने इस सप्ताह टूनार्मेंट के लिये 15 सदस्यीय टीम का ऐलान किया। भारत को पहला मैच पांच जून को आयरलैंड से खेलना है। जडेजा ने जियो सिनेमा से कहा, 'विराट कोहली को पारी का आगाज करना चाहिये। रोहित को तीसरे नंबर पर उतरना चाहिये। उसे थोड़ा समय मिल जायेगा क्योंकि बतौर कप्तान उसके दिमाग में बहुत कुछ चल रहा होगा।' उन्होंने कहा, 'विराट के टीम में होने से निरंतरता मिलेगी। वह शीर्षक्रम का सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज है और पावरप्ले में उसे जमने का मौका मिलेगा।' खराब फॉर्म से जूझ रहे हार्दिक पंड्या के चयन का भी समर्थन करते हुए उन्होंने कहा, 'वह कई कारणों से सुर्खियों में हैं। वह खास खिलाड़ी है और भारत में इस तरह के हरफनमौला कम ही मिलते हैं।'

# केकेआर के सुपरमैन हैं सुनील नारायण, फैशनपरस्त हैं रसेल : शाहरूख खान

एजेंसी
मुंबई



पिछले एक दशक से अधिक समय से सुनील नारायण ने कोलकाता नाइट राइडर्स के लिये हर विभाग में बेहतरीन प्रदर्शन किया है और टीम मालिक शाहरूख खान ने उन्हें 'सुपरमैन' करार देते हुए टीम की सफलता के पीछे असली ऊर्जा बताया। केकेआर फिलहाल आईपीएल की अंकतालिका में दूसरे स्थान पर है। नारायण ने अब तक इस सत्र में एक शतक और दो अर्धशतक के अलावा दर्जन भर चटकाये हैं। शाहरूख ने स्टार स्पोटर्स के 'नाइट क्लब प्रेजेंट्स किंग खान रूल्स' पर कहा, 'हम अपने घर में उसे सुपरमैन बुलाते हैं। मैदान पर वह बॉस है। बल्लेबाज, गेंदबाज, विकेटकीपर, फील्डर। वह सबकुछ है।' केकेआर की 2012 और 2014 में खिताबी जीत में नारायण ने 21 और 24 विकेट लिये थे। शाहरूख ने कहा, 'वह इतना ऊर्जावान है। हम खुशकिस्मत हैं कि हमारे पास भारतीय और विदेशी बेहतरीन खिलाड़ी हैं। नारायण और आंद्रे रसेल के बिना केकेआर की कल्पना नहीं हो सकती। जब ये चोटिल होते हैं तो मुझे चिंता हो जाती है कि हम कैसे करेंगे। इतने साल से ये हमारे साथ हैं कि परिवार का हिस्सा बन गए हैं।' नित नई हेयरस्टाइल रखने वाले रसेल को शाहरूख ने फैशनपरस्त कहा। उन्होंने कहा, 'वह इतना शानदार क्रिकेटर है। वह हमें यूनिवर्सल बॉस क्रिस गेल की याद दिलाता है। वह उसी की तरह है और फैशनपरस्त भी है।' रसेल और रिंकू सिंह की गहरी दोस्ती को शोले के 'जय वीरू' की उपमा देते हुए उन्होंने कहा, 'रिंकू और रसेल की दोस्ती जय वीरू की तरह है। वे एक दूसरे के काफी करीब है और एक दूसरे की मदद भी करते हैं।'

# पेरिस ओलंपिक में गोल्फ के पदार्पण में एक दूसरे के प्रेरणास्त्रोत होंगे शुभंकर और गगनजीत

**नई दिल्ली।** पेरिस ओलंपिक की तैयारी में जुटे शुभंकर शर्मा और गगनजीत भुल्लर को उम्मीद है कि खेलों के सबसे बड़े महासमर में गोल्फ के पदार्पण पर वे एक दूसरे का दबाव और तनाव कम करने में सहायक साबित होंगे। शर्मा और भुल्लर अंतरराष्ट्रीय गोल्फ रैंकिंग में क्रमशः 47वें और 52वें स्थान पर हैं और एक अगस्त से शुरू हो रही ओलंपिक गोल्फ स्पर्धा के लिये शीर्ष 60 में होने की वजह से क्वालीफाई कर लेंगे। ये दोनों खेल मंत्रालय की टारगेट ओलंपिक पोडियम योजना में शामिल हैं। बीजिंग में वोल्वो चाइना ओपन खेल रहे शर्मा ने कहा, 'टॉप्स भारत सरकार की बेहतरीन पहल है जिससे योग्य खिलाड़ियों को शीर्ष स्तर पर खेलने का मौका मिलता है। गोल्फ काफी महंगा खेल है। मुझे अपने अनुभव के दम पर ओलंपिक में अच्छे प्रदर्शन का यकीन है।' उन्होंने भुल्लर के बारे में कहा, 'गगन एक चैम्पियन गोल्फर है और मैं उसका काफी सम्मान करता हूं।

# अतीत के संघर्षों ने बड़ी उपलब्धियों के लिये प्रेरणा दी : सुमित

एजेंसी
बेंगलुरू



ओलंपिक और एशियाई खेल पदक विजेता भारतीय हॉकी टीम के सदस्य रहे सुमित को अतीत के संघर्षों ने एक और पदक अपनी झोली में डालने के लिये प्रेरित किया है। सुमित को पेरिस ओलंपिक के लिये भारतीय टीम में जगह बनाने की उम्मीद है और अंतिम 16 में स्थान पाने के लिये कड़ी प्रतिस्पर्धा से वह विचलित नहीं हैं। सुमित ने भारतीय टीम की तैयारियों के शिविर से इतर कहा, 'मेरे जीवन में काफी संघर्ष रहे हैं और कठिन अतीत की यादों से मुझे आगे अच्छा करने की प्रेरणा मिलती है। इससे बड़ी उपलब्धियां हासिल करने की ऊर्जा मिलती है।' सुमित ने 2021 में तत्कालीन कोच ग्राहम रीड द्वारा उन्हें टीम से बाहर किये जाने को मैदान पर सबसे बड़ी चुनौती बताया। उस साल एशियाई चैम्पियंस ट्रॉफी के बाद सुमित को टीम से बाहर कर दिया गया और उसके बाद राष्ट्रमंडल खेल या विश्व कप के लिये नहीं चुना गया। दो साल टीम से बाहर रहना उनके लिये कठिन था लेकिन सुमित ने उम्मीद नहीं छोड़ी। उन्होंने कहा, 'मैं निराशा को दिमाग में घर करने नहीं देता लेकिन एक खिलाड़ी के लिये टीम से बाहर होना काफी कठिन होता है। पिछले कुछ साल में मैने काफी उतार चढाव देखे हैं लेकिन टीम में वापसी की चुनौती मेरे लिये अच्छी थी।' सुमित ने कहा, 'टीम से बाहर रहने पर बुरा इसलिये लगता है कि आपको लगने लगता है कि कोच आप पर भरोसा नहीं करता। इस सोच से खेल प्रभावित होने लगता है। मैने हालांकि अपने खेल पर मेहनत करके दावा पुख्ता किया।'

## पर्यटन दर्पण

# मई में घूमने के लिए भारत की कुछ शानदार जगहें

**गर्मी के शुरूआती दिनों में, खासकर मई में हिल स्टेशन का सफर करना सबसे अच्छा ऑप्शन है। इन दिनों में हिल स्टेशन का अनुभव शानदार होता है। गर्मी की शुरूआत को पहाड़ों में फील करने का मजा ही अलग है। चाहे आप खुद को रीफ्रेश करना चाहते हों या आप कोई नई जगह घूमना और उसे एक्सप्लोर करना चाहते हों, ये 12 ऐसी जगहें हैं जिन्हें मई में घूमकर आप अपनी गर्मियों को मजेदार बना सकते हैं।**

### तवांग



अरुणाचल प्रदेश का ये खूबसूरत शहर 2,669 मीटर की ऊँचाई पर स्थित है और चारों तरफ से हिमालय से घिरा हुआ है। लगभग पूरे साल बर्फ से ढके रहने वाले इस शहर में गजब की खूबसूरती है। गहरी घाटियाँ, ऊँचे पहाड़ और साफ झील इस शहर को मई में घूमने के लिए भारत का परफेक्ट डेस्टिनेशन बनाते हैं। शहर के सड़कों के किनारे कई मठ बने हुए हैं क्योंकि यहाँ रहने वाले अधिकांश लोग बौद्ध धर्म को मानते हैं।

### पचमढ़ी



पंचमढ़ी, मध्य प्रदेश का एकमात्र हिल स्टेशन है और इसे मई में घूमने के लिए भारत की सबसे अच्छी जगहों में गिना जाता है। सतपुड़ा के जंगलों के बीच स्थित पंचमढ़ी हरे-भरे पहाड़ों और उनके बीच के जंगलों के लिए जाना जाता है। पंचमढ़ी ऐतिहासिक गुफाओं, चट्टानों पर की गई रोचक कलाकारी और बेहतरीन झरनों की वजह से और भी ज्यादा खूबसूरत हो जाता है। अगर आपको वाइल्ड लाइफ देखना पसंद है तो सतपुड़ा टाइगर रिजर्व, बिसन लॉज आपके लिए शानदार ऑप्शन के तौर पर मौजूद हैं।

### धर्मशाला



हिमाचल प्रदेश में हिमालय की पहाड़ियों के बीच घिरा धर्मशाला बहुत प्यारा शहर है। काफी ज्यादा तिब्बती शरणार्थियों के रहने की वजह से इसे छोटा तिब्बत भी कहा जाता है। चहल-पहल वाले बाजार, म्यूजियम के साथ कई मठों वाला धर्मशाला, सोलो ट्रैवेलर्स के लिए परफेक्ट डेस्टिनेशन है। साथ ही धर्मशाला मई में घूमने के लिए भारत की सबसे अच्छी जगहों में भी शामिल है। धर्मशाला शांति और सुकून से आराम करने वाली जगहों में एक है। योग और आध्यात्म का ये केन्द्र विदेशी सैलानियों में भी काफी पसंद किया जाता है।

### ऊटी




ऊटी निलगिरी की खूबसूरत पहाड़ियों से घिरा एक खुशनुमा शहर है। ऊटी की खूबसूरती इसकी आकर्षक बनावट में है। यहाँ घूमकर आप खुद को तरो ताजा महसूस करते हैं। तमाम झरने और झीलों वाला ये शहर मई में भारत में घूमने के लिए सबसे अच्छी जगहों में शामिल है। छोटे-छोटे प्यारे कॉटेज, पहाड़ी ढलानों पर चाय की खेती ऊटी की खूबसूरती में और बढ़ोतरी कर देते हैं।

### गुलमर्ग



मई में भारत में घूमने की शानदार जगहों में शामिल गुलमर्ग गर्मियों में भी फूलों से सजा रहता है। हिमालय से घिरा, जम्मू कश्मीर का ये हिल स्टेशन समुद्र तल से 2730 मीटर की ऊँचाई पर बसा हुआ है। इस जगह की सांस्कृतिक विरासत काफी समृद्ध है और मुगल काल से ही गुलमर्ग गर्मियों में घूमने के लिए पसंदीदा जगह रहा है। तरह-तरह के जीवों, शानदार झीलों और दुनिया के दूसरे सबसे ऊँचे गोल्फ कोर्स के साथ गुलमर्ग में कई चुनौतिपूर्ण और शानदार ट्रेकिंग के ऑप्शंस भी मौजूद हैं।

### माउंट आबू



राजस्थान का एकलौता हिल स्टेशन माउंट आबू भारत में मई में घूमने के लिए आदर्श जगहों में एक है। माउंट आबू ग्रेनाइट से बनी एक चोटी है जो चारो तरफ से माउंट आबू वाइल्ड लाइफ सैंक्चुरी के हरे-भरे जंगलों से लिपटा हुआ है, जिसमें वनस्पतियों और जीवों का समृद्ध भंडार है। भारत के नॉर्थ वेस्ट के राज्यों में पड़ने वाली गर्मी और चिलचिलाती धूप से बचने के लिए माउंट आबू परफेक्ट जगह है। देलवाड़ा के जैन मंदिरों के साथ 80 से ज्यादा पुराने मंदिरों वाला ये हिल स्टेशन माउंट आबू जैनियों के साथ-साथ हिंदुओं के लिए भी एक पवित्र स्थान है। नक्की झील माउंट आबू की खूबसूरती में चार चांद लगा देता है।

### अल्मोड़ा



उत्तराखंड के कुमाऊँ पहाड़ी रेंज में स्थित शांत और खूबसूरत शहर है अल्मोड़ा। लगभग हर कोने पर प्राचीन मंदिरों और सांस्कृतिक विरासत को संजोए हुए इस शहर में एक अलग ही आध्यात्मिक अनुभव है। देवदार के घने शंकुधारी जंगलों से घिरा, अल्मोड़ा हिमालय का शानदार नजारा सामना ला रखता है। ढलानों पर बने घरों, रंगीन पोशाकों और हैंडिक्राफ्ट्स की वजह से यहाँ की फिजा में एक अलग ही रंग नजर आता है। खुद को आराम देने और शांत वातावरण में कुछ पल बिताने के लिए अल्मोड़ा भारत के उन जगहों में शामिल है जिन्हें आपको मई में एक बार जरूर घूमकर आना चाहिए।

### चेरापूंजी



मेघालय में स्थित चेरापूंजी विश्वभर में दूसरी सबसे गीली जमीन के लिए जाना जाता है क्योंकि यहाँ बारिश काफी ज्यादा होती है। चेरापूंजी को सोहरा नाम से भी जाना जाता है। मॉनसून में झरनों के भरने से चेरापूंजी की खूबसूरती और बढ़ जाती है जो इसे मई में भारत में घूमने की सबसे अच्छी जगहों में से एक बनाती है। सोहरा के मुख्य आकर्षण नैचुरल गुफाएँ, रूट ब्रिज और पहाड़ों से गिरते झरने हैं जो इसे बेहद खूबसूरत बनाते हैं।

### महाबलेश्वर



महाराष्ट्र के पुणे के करीब स्थित महाबलेश्वर एक शानदार हिल स्टेशन है। पश्चिमी घाट का ये शहर 5 नदियों का बेस होने के कारण बेहद खूबसूरत है। महाबलेश्वर में सनराइज और सनसेट देखना, ट्रेकिंग करना, घुड़सवारी करना और नदियों में बोटिंग करना अलग ही आनंद देते हैं। महाबलेश्वर की इन्ही खासियतों के चलते ये परफेक्ट वीकेंड गेटअवे और मई में घूमने के लिए शानदार जगहों में गिना जाता है।

### औली



उत्तराखंड में स्थित औली एक बेहद खूबसूरत जगह है और प्रकृति प्रेमी इसे काफी पसंद भी करते हैं। साथ ही भारत में मई में घूमने के लिए ये परफेक्ट डेस्टिनेशन भी है। पूरे साल बर्फ की चादर ओढ़े रहने वाला औली पूरी दुनिया में अपने स्की रिसोर्ट्स के लिए फेमस है। एडवेंचर के लिए प्रसिद्ध औली में कई तरह के स्पोर्ट्स जैसे आइस स्पोर्ट्स, रॉक क्लाइंबिंग भी मौजूद हैं। नागा पर्वत और नंदा देवी के शानदार दृश्य की वजह से औली फोटोग्राफर्स के लिए पसंदीदा जगहों में शामिल है।

### मनाली



कुल्लू घाटी में पहाड़ियों से घिरा मनाली बैकपैकर्स और टूरिस्ट्स के लिए परफेक्ट जगह है। मनाली की प्राकृतिक सुंदरता अपने आप में एक विशेष आकर्षण है, खासकर तब जब ये बर्फ में घिरा हुआ हो। ऊँचे पहाड़ों से घिरे इस शहर में कई मठ भी हैं।

# अकाली दल द्वारा खरड़ और मोहाली दोनों विस क्षेत्रों में 'पंजाब बचाओ' यात्रा निकाली गई

## 'कांग्रेस और आप दोनों ने खरड़ और मोहाली की अनदेखी की'

सिटी दर्पण
मोहाली

**❍ शिअद ने ग्रेटर मोहाली को विकसित करने और अंतरराष्ट्रीय हवाई अड-डे, संस्थानों और आई.टी क्षेत्र को लाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाईः सुखबीर बादल**



शिरोमणी अकाली दल के अध्यक्ष सरदार सुखबीर सिंह बादल ने आज कहा है कि पूर्ववर्ती अकाली दल सरकार ने ग्रेटर मोहाली को विकसित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई, विश्वस्तरीय शिक्षा और अनुसंधान सुविधाएं और एक समृद्ध सूचना प्रौद्योगिकी क्षेत्र बनाने के अलावा इसका विकास गुड़गांव को पछाड़ रहा है। अकाली दल अध्यक्ष ने लोगों से अकाली दल को वोट देने की अपील की ताकि ग्रेटर मोहाली क्षेत्र को एक महानगर के रूप में विस्तारित करने का मार्ग प्रशस्त हो जिससे की रोजगार बढ़ेगा और राज्य के लिए राजस्व उत्पन्न होगा। अकाली दल अध्यक्ष ने यह टिप्पणी खरड़ और मोहाली दोनों विधानसभा क्षेत्रों में पंजाब बचाओ यात्रा के दौरान की , जहां यात्रा को जोरदार समर्थन मिला। सरदार बादल के साथ पार्टी के श्री आनंदपुर साहिब के उम्मीदवार प्रो. प्रेम सिंह चंदूमाजरा थे। उन्होने हलके के लोगों के साथ बातचीत की। दोनों हलकों में युवाओं ने यात्रा में भाग लिया और मोहाली में अकाली दल अध्यक्ष का भव्य स्वागत किया तथा हर पड़ाव पर उन्हे फूलों की वर्षा की गई तथा माला पहनाकर उनका जोरदार स्वागत किया।पंजाब बचाओ यात्रा के बड़े पैमाने पर स्वागत के लिए लोगों का आभार व्यक्त करते हुए सरदार बादल ने कहा,ह्यह्ययह उस पार्टी के लिए भी एक पुरस्कार है, जिसने मोहाली को एक नींद वाले शहर से एक हलचल भरे शहर में विकसित किया, जो दिन ब दिन बढ़ता ही जा रहा है।

न्होने कहा कि अकाली दल ने न केवल मोहाली और खरड़ के व्यस्थित और वैज्ञानिक विस्तार की योजना बनाई, बल्कि विश्व स्तरीय बुनियादी ढ़ांचे और संस्थान भी बनाए हैं। इस बारे में अन्य जानकारी देते हुए बादल ने कहा कि पूर्ववर्ती अकाली दल सरकार ने मोहाली में स्थापित अंतरराष्ट्रीय हवाई अडडे के परिणामस्वरूप शहर का तेजी से विकास हुआ और बाहरी दुनिया के साथ जुड़ने के अलावा वााणिज्य में भी बढ़ोतरी हुई। उन्होने यह भी बताया कि कैसे उन्होने बेंगलुरू और हैदराबाद में आईटी कंपनियों के प्रमुखों से व्यक्तिगत मुलाकात कर उनसे मोहाली में सुविधाएं स्थापित करने का आग्रह किया था। उद्योग संघ के सदस्यों और आवास भलाई संघों ने भी अकाली दल से मुलाकात कर खुलासा किया कि कैसे पिछली कांग्रेस और वर्तमान आप सरकार के कार्यकाल के दौरान पिछले सात सालों से खरड़ और मोहाली में सभी बुनियादी ढ़ांचे का विकास बंद हो गया है। लोगों ने कहा कि बुनियादी ढ़ांचे का विकास तो भूल ही जाओ, यहां तक कि अकाली दल के कार्यकाल के दौरान बनाए गए बुनियादी ढ़ांचे का रखरखाव भी नही किया जा रहा है। उन्होने यह भी शिकायत की कि खरड़ में नगर परिषद को जानबूझकर फंड की कमी की जा रही है, जबकि आप सरकार द्वारा मोहाली शहर को पूरी तरह से नजरअंदाज किया जा रहा है।इस यात्रा के दौरान दोनों हलकों के इंचार्ज रंजीत सिंह गिल और परविंदर सिंह सोहाना के साथ-साथ कमलजीत सिंह रूबी, हरजीत सिंह भुल्लर, अजयपाल सिंह मिडडूखेड़ा और परमजीत सिंह काहलों सहित अन्य नेता भी खरड़ और मोहाली में अकाली दल अध्यक्ष के यात्रा के दौरान उनके साथ मौजूद थे।

# एमडब्ल्यूबी उत्तर भारत की अति महत्वपूर्ण बैठक हुई सम्पन्न, लिए कई बड़े फैसले

सिटी दर्पण
चंडीगढ़



**❍ धरणी ने कहाः जुड़े हर साथी को सामाजिक व आर्थिक सुरक्षा का आवरण प्रदान करना संस्था का उद्देश्य**

**❍ जम्मू-कश्मीर के अध्यक्ष-मीर आफताब, हिमाचल के अध्यक्ष-विशाल सूद पंजाब के अध्यक्षःसुमित खन्ना नियुक्त**

शुक्रवार को चंडीगढ़ में मीडिया वेलबीइंग एसोसिएशन कोर कमेटी की अति महत्वपूर्ण बैठक संस्था के उत्तर भारत अध्यक्ष चंद्रशेखर धरणी के नेतृत्व में सम्पन्न हुई। जिसमें संस्था ने कई अहम निर्णय लिए। धरणी ने वरिष्ठ साथियों संग सलाह मशवरा कर कई नियुक्तियां भी की। इस बैठक में उत्तर भारत के महासचिव सुरेंद्र मेहता तथा कोषाध्यक्ष तरुण कपूर भी शामिल हुए। धरणी ने जानकारी देते हुए बताया कि काफी लंबे समय से संस्था से जुड़े साथियों की वरिष्ठता- काबिलियत-क्षमता को जानने- समझने के बाद हमने संस्था में नई नियुक्तियां की हैं, उत्तर भारत की कोर टीम में नियुक्तियों के लिए हर क्षेत्र को हिस्सेदारी देने की कोशिश की गई है ताकि संस्था अपने से जुड़े हर साथी को सुरक्षा का आवरण प्रदान कर पाए। इस मौके पर संस्था के सदस्य साथियों ने अध्यक्ष चंद्रशेखर धरणी द्वारा पत्रकारों के कल्याण हेतु किए जा रहे प्रयासों का आभार जताया, वहीं धरणी ने सभी साथियों को विश्वास दिलाया कि संस्था पूरी ईमानदारी, कर्तव्यपरायणता व निष्ठा भाव से पत्रकारों के हितों के प्रति समर्पित रहेगी।

**उत्तर भारत स्तर पर किसे मिली क्या जिम्मेदारी ?**

धरणी ने लिस्ट जारी करते हुए बताया कि उत्तर भारत के वरिष्ठ उपाध्यक्ष के तौर पर नरेश उप्पल, संजय भुटानी, भुवनेश झंडई, बलजीत सिंह, उपाध्यक्ष के तौर पर नरेंद्र जग्गा (पँजाब), संजीव शर्मा(दिल्ली), कपिल चड्ढा (चंडीगढ़), मीर आफताब (श्री नगर), विनोद खुंगर(कुरुक्षेत्र, हरियाणा) जिम्मेदारियां का निर्वहन करेंगे। सुरेंद्र मेहता संस्था के महासचिव हैं और रहेंगे।इसके साथ-साथ सह सचिव की जिम्मेदारी सुनील सरदाना और देवदास शारदा को सौंपी गई है।कोषाध्यक्ष तरुण कपूर ही रहेंगे। मीडिया इंचार्ज दीपक मिगलानी होंगे तथा सुनील सरदाना को मीडिया क्वार्डिनेटर भी नियुक्त किया गया है। कानूनी प्रकोष्ठ के अध्यक्ष एडवोकेट अशोक शर्मा रहेंगे। संस्था के सलाहकार बोर्ड के अध्यक्ष अति वरिष्ठम पत्रकार ज्योति संग को बनाया गया है।मीडिया वेलबीनग एसोशिएशन उत्तर भारत मे जम्मू-कश्मीर के अध्यक्ष-मीर आफताब,हिमाचल के अध्यक्ष-विशाल सूद पंजाब के अध्यक्षःसुमित खन्ना,बने है।पँजाब इकाई में प्रमुख सलाहकार नरेंद्र जग्गा होंगे।

### जिला अध्यक्ष और जिला संयोजक भी बनाए गए

चंद्रशेखर धरणी ने बताया कि पानीपत से जिला अध्यक्ष के तौर पर विनोद लाहोट कार्य करते रहेंगे। साथ ही संस्था ने जिला संयोजक के रूप में वरिष्ठ पत्रकार मदन बरेजा जी की भी नियुक्ति की है। इसके साथ-साथ मदन बरेजा प्रदेश के उपाध्यक्ष की जिम्मेदारी भी संभालते रहेंगे। करनाल से के सी आर्य, कुरुक्षेत्र से पवन चोपड़ा, अंबाला से कृष्ण बाली, यमुनानगर से देवदास शारदा, सोनीपत से पवन परुथी, बहादुरगढ़ से प्रवीण मुदगिल, सिरसा से महिंदर जिलाध्यक्ष रहेंगे तथा सिरसा से जिला संयोजक पवन शर्मा रहेंगे। नूह से यूनुस अल्वी, पलवल से गुरुदत्त जिला अध्यक्ष नियुक्त किए गए हैं। फरीदाबाद के जिला अध्यक्ष रघुवीर सिंह और जिला सयोंजक अनुराग शर्मा रहेंगे। रेवाड़ी से नरेंद्र वत्स, कैथल से राजीव परुथी, फतेहाबाद से मुकेश देवगन और पंचकूला से तारा ठाकुर जिला अध्यक्ष बनाए गए हैं। इन नियुक्तियों के बाद चंद्रशेखर धरणी ने नई टीम को शुभकामनाएं दी तथा नियुक्तियां प्राप्त सभी साथियों ने अध्यक्ष चंद्रशेखर धरणी का तहदिल से आभार व्यक्त किया।

### जिस उद्देश्य से संस्था का जन्म हुआ, उसके लिए लड़ाई लड़ती रहेगी संस्था : धरणी

बता दे कि मीडिया वेलबिंग एसोसिएशन लगातार पत्रकारों के कल्याण हेतु बड़े-बड़े फैसले लेती रही है। जब-जब पत्रकार साथी पर किसी प्रकार की कोई दिक्कत आई है संस्था हमेशा अग्रिम पंक्ति में खडी नजर आई है। संस्था द्वारा अब तक अपने निजी कोष से लगभग 10 लाख रुपए की राशि पत्रकारों पर खर्च कर चुकी है। कई पत्रकार साथियों के इलाज में एक बड़ा योगदान संस्था द्वारा किया गया है। पत्रकार की मृत्यु उपरांत उनके परिवारों की मदद भी संस्था ने की है। संस्था अपने पत्रकार साथियों को एक सुरक्षा का आवरण प्रदान करना चाहती है। जिसे लेकर लगातार सरकार से तरह-तरह के मुद्दों पर कई मांग संस्था द्वारा की जाती रही है और मीडिया वेलबिंग एसोसिएशन की कोशिशों और पहल के कारण प्रदेश सरकार ने अधिकतर मांगे पूरी भी की है। बता दें कि संस्था ने 2022- 23 में अपने सभी सदस्य पत्रकारों के 10-10 लाख राशि के एक्सीडेंटल व टर्म इंश्योरेंस बिल्कुल निशुल्क करवाए। जिन्हें रिन्युल करवाने में भी संस्था ने किसी प्रकार की कोई राशि किसी पत्रकार से नहीं ली। वर्ष 2024-25 के लिए लगातार तीसरे वर्ष यह पॉलिसीज रिन्यू करवाई गई तथा किसी पत्रकार से न तो कभी सदस्यता शुल्क लिया गया व न ही इंश्योरेंस के लिए एक भी पैसा लिया गया। वर्ष 2024-25 में अब तक 250 पत्रकारों की एक्सिडेंटयल पॉलिसी व 151 पत्रकारों की टर्म इंश्योरेंस पॉलिसी 10-10 लाख रुपए की प रिन्यू करवा दी गई है। कुछ समय पहले संस्था के वरिष्ठ साथी ज्ञानेंद्र भारतरिया के देहांत के बाद संस्था द्वारा करवाई गई इंश्योरेंस पॉलिसी की राशि 10 लाख रुपए तुरंत प्रभाव से परिवार को दिलवाई गई। धरणी ने बताया कि संस्था का जन्म पत्रकारों को आर्थिक- सामाजिक रूप से वह सम्मान दिलवाना है जिसके वाहकदार हैं और आर्थिक रूप से पत्रकार संपन्न हो, उन्हें सरकारी लाभ मिल सकें, उनके अधिकार मिल सके, इसके लिए संस्था हमेशा यह लड़ाई लड़ती रहेगी।

## संक्षिप्त-समाचार

### उत्तरीय रेलवे मजदूर यूनियन द्वारा मजदूर दिवस के उपलक्ष्य में युवा महासम्मेलन आयोजित



**कालका।** उत्तरीय रेलवे मजदूर यूनियन के नेतृत्व में यूथ विंग द्वारा एक युवा महासम्मेलन का आयोजन मजदूर दिवस के उपलक्ष्य में मुरादाबाद (उत्तर प्रदेश) में किया गया। जिसकी अध्यक्षता महामंत्री (यूथ) रमणीक शर्मा और केंद्रीय अध्यक्ष (यूथ) राजकिशोर दुबे द्वारा की गई। इस कार्यक्रम में वशिष्ट अतिथि महामंत्री (एन एफ आई आर) डॉ एम रघुवैया व मुख्य वक्ता महामंत्री (यू आर एम यू) बी सी शर्मा व अध्यक्ष (यू आर एम यू) एस एन मलिक रहे। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य युवा कर्मचारियों को पुरानी पेंशन की लड़ाई को संगठित होकर लड़ने के लिए संगठन को ज्यादा मजबूत करने को लेकर है, ओर युवा कर्मचारियों का विश्वास ज्यादा से ज्यादा संगठन में बढ़ाना व उनको संगठन के द्वारा करवाये जा रहे कार्यो के बारे में जागरूक करना है। इस युवा महासम्मेलन कार्यक्रम का संचालन मंडल सचिव (मुरादाबाद) सलभ सिंह द्वारा किया गया। इस कार्यक्रम में सभी मंडलों से आये हुए पदाधिकारीयों व लगभग एक हजार कर्मचारियों ने भाग लिया। इस कार्यक्रम में जगाधरी-कालका वर्कशॉप मंडल का नेतृत्व मंडल सचिव (वर्कशॉप मंडल) संजीव कुमार और केंद्रीय सहायक महामंत्री (यूथ) दीपक दुग्गल व केंद्रीय सहायक महामंत्री (यूथ) रविन्द्र शर्मा द्वारा किया गया।

### कुलभूषण गोयल ने सडकों की रिकार्पेटिंग का निरीक्षण किया



**पंचकूला।** नगर निगम पंचकूला के महापौर कुलभूषण गोयल ने शहर में विभिन्न सडकों की रिकार्पेटिंग के कार्य का निरीक्षण किया। सेक्टर 2, 16 और 9-16 की डिवाइडिंग सड़क की रिकार्पेटिंग के निरीक्षण के अवसर पर वार्ड पार्षद रितु गोयल, पूर्व पार्षद सीबी गोयल, वार्ड नंबर 13 के पार्षद सुनीत सिंगला, पार्षद सोनू बिडला, भाजपा नेता सुदेश बिडला भी उपस्थित थे। कुलभूषण गोयल ने संबंधित एजेंसी को निर्देश दिए कि सडकों की क्वालिटी से किसी प्रकार का समझौता नहीं किया जाए। टेंडर की हिदयातनुसार के अनुसार उच्च क्वालिटी का मटेरियल प्रयोग किया जाए सडकों की लाइफ लंबी हो, इसके लिए अधिकारी रिकार्पेटिंग की समय-समय पर जांच करेंगे। सेक्टर 16 में 2 करोड़ 45 लाख रुपये की लागत से रिकार्पेटिंग हो रही है। सेक्टर 2 में 2 करोड़ 28 लाख रुपये, सेक्टर 9-16 एवं 16-17 में 1 करोड़ 43 लाख रुपये की सड़कों की रिकार्पेटिंग हो रही है। यह कार्य एनएच कंस्ट्रक्शन, शाम लाल बंसल, बिंद्रा कंस्ट्रक्शन की ओर से किए जा रहे हैं। महापौर कुलभूषण गोयल ने कहा कि पंचकूला के लोगों को जल्द सडकें गड्ढा मुक्त मिलेंगी। सडकों की रिकार्पेटिंग का काम भी जारी है। कुलभूषण गोयल ने कहा कि वर्षा के कारण सडकों की मरम्मत का काम प्रभावित हो रहा था और बीते काफी दिनों से सड़कों में हुए गड्ढों को लेकर शिकायत मिल रही थी, वहीं गड्ढों से लोग काफी परेशान थे जिसके चलते पंचकूला की सड़कों में हुए गड्ढों को भरने का काम और सड़कों की रिकार्पेटिंग का काम किया जा रहा है।

### मारपिटाई की वारदातों को अंजाम देने वाले तीन आरोपियो को हुई 10-10 साल की सजा



**पंचकूला।** पुलिस प्रवक्ता नें जानकारी देते हुए बताया कि पुलिस उपायुक्त हिमाद्रि कौशिक के नेतृत्व में थाना सेक्टर 05 प्रभारी रुपेश चौधरी के नेतृत्व में वर्ष 2020 के मारपिटाई व छीनाछपटी के मामलें में कल दिनांक 02.05.2024 को माननीय अदालत श्री वेद प्रकाश सिरोही सैशन जज पंचकूला से 3 अपराधियो को 10-10 साल की सजा सुनाई गई। सजा पानें वालें अपराधियो की पहचान आकाश उर्फ टुटवा पुत्र शम्भू वासी खडक मगोंली जिला पंचकूला, रवि कुमार उर्फ पोची पुत्र कांशी राम वासी गाँव बरवाला हिसार, देव नारायण उर्फ नटका पुत्र बीर सिंह वासी खडक मगोंली पंचकूला के रुप में हुई। पुलिस प्रवक्ता नें बताया कि 03.08.2020 को पीडित काला राम पुत्र महेन्द्र सिंह वासी बरवाला हिसार नें थाना सेक्टर 05 में शिकायत दर्ज करवाई कि वह दिनांक 02.08.2020 अपनें दोस्तो के साथ गाडी में बैठकर मोरनी हिल घुमनें के लिए आए हुए थे और वह मोरनी रोड की तरफ से वापिस आ रहा था और उसके दोस्त मोरनी की तरफ चले गये तभी नाडा साहिब गुरुद्वारा से आगे घग्घर नदी के पूल को क्रास किया तो सामनें 5-6 लडके खडे थो उसको अकेला देखकर उसकी तरफ भाग कर आए आते हुए पीडित व्यक्ति को डण्डो के साथ मारना पीटना शुरू कर दिया और पीडित व्यक्ति के पास से एक मोबाइल, कुछ पैसे, सोनें की अगूँठी छीनकर भाग गए। तभी उस समय एक आटो वालें नें पीडित को नागरिक अस्पताल सेक्टर 06 में भर्ती करवाया गया। जिसकी शिकायत पर भा.द.स. की धारा 379-बी के तहत मामला दर्ज करके कार्रवाई की गई। जिस मामलें में कार्रवाई उस ए.एस.आई राममेहर नें मामलें में कार्रवाई करते हुए 3 आरोपियो को गिरफ्तार करके अदालत में पेश करके जेल भेजा गया उस मामलें की समय पर देखरेख डीडीए रोमिल लांबा व एएसआई राममेहर के नेतृत्व में की गई है जिस मामलें में कल दिनांक 02.05.2024 को माननीय अदालत नें 10-10 साल की सजा व 25-25 हजार रुपये की सजा सुनाई गई।

### नशा तस्करी में बीटेक छात्र गिरफ्तार

**चंडीगढ़।** शहर में पढ़े-लिखे युवा आजकल अपराध की गिरफ्त में जा रहे हैं। ऐसे ही मामले में पुलिस ने एक बीटेक पास युवक को नशा तस्करी के आरोप में गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से 754 ग्राम हीरोइन बरामद की है। जो की कमर्शियल तादाद में आती है। यह चंडीगढ़ और आसपास के इलाकों में नशा तस्करी करता था। पुलिस अब आरोपी से पूछताछ कर रही है कि वह कॉलेज और यूनिवर्सिटी के छात्रों को नशे की सप्लाई करता था या नहीं। लेकिन अभी तक आरोपी ने पुलिस को कुछ नहीं बताया है। आरोपी की पहचान पंकज कुमार (28 साल) निवासी मानसा के रूप में हुई है। पुलिस ने जब पंकज कुमार को गिरफ्तार किया तो उससे पूछताछ की।

# 8 छात्रों को नोटिस जारी कर हॉस्टल से निकालने पर सथ का पीयू प्रशासन के खिलाफ प्रदर्शन

सिटी दर्पण
चंडीगढ़



**❍ बीते 15 दिनों से पंजाब की आरक्षण नीति लागू करने की मांग पर अड़े छात्र**

पंजाब यूनिवर्सिटी में शुक्रवार दोपहर को विभिन्न छात्र संगठनों ने वाइस चांसलर प्रो.रेनू विग के खिलाफ नारेबाजी कर रोष जाहिर किया। इस दौरान सथ छात्र संगठन से अर्शदीप सिंह ने बताया कि वे बीते 15 दिनों से वीसी कार्यालय के बाहर शांतिपूर्ण तरीके से 24/7 धरने पर बैठे थे, लेकिन बीती 29 अप्रैल को पुलिस ने वीसी आफिस के बाहर बैठे छात्रों के साथ धक्का मुक्की की और उनके पोस्टर भी फाड़ दिए।इतना ही नहीं बीते वीरवार नोटिस जारी कर धरने पर बैठे आठ छात्रों रीमलजोत सिंह, अशमीत सिंह, गुरविंदर सिंह, दर्शप्रीत सिंह, अर्शदीप सिंह, धर्मपाल सिंह, नवप्रीत सिंह को हॉस्टल से निकाल दिया। पीयू प्रशासन के इस अड़ियल रवैये से नाराज छात्रों ने शुक्रवार को प्रोटेस्ट कर इस अन्याय के खिलाफ आवाज उठाई। ध्यान रहे कि छात्र पंजाब की आरक्षण नीति लागू करने और अभी चल रही शिक्षक भर्ती को रोकने की मांग कर रहे हैं। केंद्र में ओबीसी आरक्षण 27 प्रतिशत है और पंजाब में 12 प्रतिशत प्रक्रिया में आरक्षण जीरो प्रतिशत है। एससी आरक्षण पीयू में पंजाब और केंद्र भर से कम है।ऐसे में पिछले एक महीने से कुलपति कार्यालय के बाहर 24/7 भरना पर बैठक कर एम्एफएस पीयू को सही से आरक्षण नीति लागू करने और अभी बिना नीति के रही शिक्षक भर्ती प्रक्रिया को रोकने की मांग कर रहा है।

**पीयू प्रबंधन के अडियल रवैये से खफा छात्र**

जानकारी के मुताबिक ओबीसी आरक्षण को लेकर लगातार प्रदर्शन कर रहे आठ विद्यार्थियों के खिलाफ कड़ा कदम उठाते प्रबंधन ने उन्हें हॉस्टल हुए पीयू से निकालने के नोटिस जारी किए हैं और एक महीने तक सेमेस्टर परीक्षा देने से रोक दिया है। वीसी कार्यालय के बाहर पीयू में पंजाब की ओबीसी आरक्षण नीति लागू करने के लिए किए प्रदर्शन के बाद प्रबंधन ने यह कदम उठाया है। पीयू प्रबंधन के इस रवैये के खिलाफ आवाज उठाते हुए सभी छात्र संगठनों ने मिलकर ज्वाइंट एक्शन कमेटी का गठन किया है।

# न्यायालय ने चंडीगढ़ में पंजाब के मुख्यमंत्री के आवास के बाहर सड़क खोलने पर रोक लगाई

**नई दिल्ली /चंडीगढ़।** उच्चतम न्यायालय ने चंडीगढ़ में पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान के आवास के बाहर एक सड़क को प्रयोग के आधार पर खोलने के फैसले पर शुक्रवार को रोक लगा दी। न्यायमूर्ति संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता की पीठ ने इस बात पर गौर किया कि केंद्र और पंजाब सरकार दोनों ही खतरे की आशंका के मद्देनजर सड़क को खोलने के खिलाफ रही हैं। यह सड़क 1980 के दशक से बंद है। पीठ ने पंजाब सरकार द्वारा दाखिल याचिका पर नोटिस जारी करते हुए केंद्र शासित प्रदेश चंडीगढ़ प्रशासन से दो सितंबर तक जवाब दाखिल करने को कहा है। शीर्ष अदालत ने कहा कि 1980 के दशक में पंजाब में आतंकवाद चरम पर होने के कारण इस सड़क पर आवाजाही बंद कर दी गयी थी। पंजाब और हरियाणा उच्च न्यायालय ने 22 अप्रैल को सुखना झील को चंडीगढ़ के नयागांव से जोड़ने वाली 500 मीटर की सड़क को प्रयोग के आधार पर एक मई से खोलने का आदेश दिया था। उच्च न्यायालय ने चंडीगढ़ पुलिस को सड़क के लिए यातायात प्रबंधन योजना तैयार करने के लिए यातायात विशेषज्ञों को भी इसमें शामिल करने का निर्देश दिया था। सड़क को कार्य दिवसों पर सुबह सात बजे से शाम सात बजे तक खोला जाना था। सड़क बंद होने की वजह से नयागांव और सुखना झील के बीच यात्रा करने वाले लोगों को शहर के निकटवर्ती सेक्टरों से होकर लंबा चक्कर रास्ता तय करना पड़ता है।

# ट्रक का ब्रेक फेल होने से हुआ हादसा, नुकसान टला



**डेराबस्सी।** अंबाला चंडीगढ़ नेशनल हाईवे पर स्थित डेराबस्सी फ्लाईओवर पर एक ट्रक की अचानक ब्रेक फेल होने से हादसा हो गया। इस हादसे में तीन गाड़ियां क्षतिग्रस्त हो गईं लेकिन कोई घायल नहीं हुआ। मौके पर पहुंची पुलिस ने वाहनों को फ्लाईओवर से डायवर्ट कर दिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार शाहबाद निवासी रोहित ने बताया कि वह अपने निजी काम से चंडीगढ़ आ रहा था। जब वह डेराबस्सी फ्लाईओवर पर पहुंचे तो अचानक एक ट्रक नंबर पीबी 23ङ4024 ने उनकी कार को पीछे से जोरदार टक्कर मार दी और उनकी कार नियंत्रण से बाहर हो गई और आगे चल रही दूसरी कार से टकरा गई, जिसके बाद वह कार सामने तेज रफ्तार से आ रही कार से टकरा गई। टक्कर हो गई जिसके बाद वो तीनों कारें बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गईं। इस हादसे में दो स्विफ्ट कार और एक अर्टिगा कार क्षतिग्रस्त हो गई। ट्रक चालक विकास ने बताया कि वह फरीदाबाद से गाड़ी खाली करके मंडी गोबिंदगढ़ आ रहा था। जब वह डेराबस्सी स्थित फ्लाईओवर पर पहुंचा तो उसके ट्रक का प्रेशर पाइप फट गया और ट्रक के ब्रेक फेल हो गए और ट्रक नियंत्रण से बाहर हो गया। जिससे ट्रक के आगे जा रही तीन कारें इसकी चपेट में आ गईं। जिसके कारण यह हादसा तो हुआ लेकिन जनहानि टल गई। हादसे की सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और फ्लाईओवर पर खड़े ट्रकों और कारों को किनारे कराया। हादसे के बाद अंबाला चंडीगढ़ नेशनल हाईवे पर लंबा जाम लग गया।

